
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः– 05
अंकः– 178
मुरादाबाद
(Sunday)
19 October 2025
पृष्ठः– 08
मूल्यः– 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र–बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम योगी बोले– जहां भी डिफेंस लैंड की जरूरत पड़ेगी... वहां यूपी दिल खोलकर जमीन देगा

सीएम योगी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मोस की पहली खेप को हरी झंडी दिखाई।

इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह मिसाइल भारत की रक्षा आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई से तैयार की गई ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को शनिवार को हरी झंडी दिखाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा, ये हमारे लिए खुशी का क्षण है। मेरे लिए खासतौर से। क्योंकि ये स्वदेशी तकनीक




पर आधारित मिसाइल है। हमको प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया के संकल्प को पूरा करने और रक्षा मंत्री की उपस्थिति में स्वदेशी तकनीक पर आधारित ब्रह्मोस मिसाइल के पहले बैच को हरी झंडी दिखाने का मौका मिला। यह मिसाइल भारत की रक्षा आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसका अर्थ है कि ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों के माध्यम से, भारत अब न केवल अपनी सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है, बल्कि दुनिया भर के अपने मित्र देशों की सुरक्षा को भी पूरा करने में सक्षम है। जहां भी डिफेंस लैंड को जरूरत पड़ेगी, वहां यूपी दिल खोलकर जमीन देगा। यही धरती माता चाहती हैं। जमीन का सदुपयोग होना चाहिए। मैंने डीआरडीओ को कहा है कि आपको जितनी भी जमीन चाहिए, यूपी में मिलेगी। हमारी कैबिनेट ने फ्री में जमीन मुहैया कराने का फैसला किया था। अब देखिए यूपी की धरती सोना बन रही है। आज का दिन उत्तर प्रदेश की जनता के लिए महत्वपूर्ण – कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आज का दिन उत्तर प्रदेश की जनता के लिए महत्वपूर्ण दिन है। लखनऊ डिफेंस सेक्टर में अहम भूमिका निभा रहा है। मैंने पांच महीने पहले ब्रह्मोस यूनिट का उद्घाटन किया था। आज उसकी पहली खेप रवाना कर दी गई। यह आम बात नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया है कि जीत अब हमारी आदत बन चुकी है। दुनिया ने भारत की ताकत को माना है। देश को ये विश्वास है कि अब हम बहुत मजबूत हो चुके हैं। मैं बता दूं कि जब भारत पाकिस्तान को जन्म दे सकता है, अब आगे आप लोग समझदार है।

## संक्षिप्त समाचार

### चिराग पासवान की प्रत्याशी सीमा सिंह का नामांकन रद्द, मढ़ौरा विधानसभा में एलजेपी (आर) को झटका

लोजपा (आर) उम्मीदवार सीमा सिंह का नामांकन फॉर्म B में तकनीकी गड़बड़ी के कारण रद्द किया गया है। उन्होंने अंतिम दिन दोपहर करीब 3 बजे नामांकन दाखिल किया था। निर्वाचन आयोग की ओर से उन्हें गड़बड़ी सुधार कर शाम तक पुनः जमा करने का मौका दिया गया था।मढ़ौरा सीट से बड़ी खबर सामने आई है। यहां चार प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर दिया गया है। इनमें एनडीए समर्थित लोजपा (रामविलास) की उम्मीदवार व फिल्मी कलाकार सीमा सिंह, बसपा के आदित्य कुमार, जदयू के बागी व पूर्व जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू तथा निर्दलीय विशाल कुमार शामिल हैं। 177 मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ निधि राज ने इस संबंध में आधिकारिक घोषणा की।मीदवार सीमा सिंह का नामांकन फॉर्म क्में तकनीकी गड़बड़ी के कारण रद्द किया गया है। उन्होंने अंतिम दिन दोपहर करीब 3 बजे नामांकन दाखिल किया था। निर्वाचन आयोग की ओर से उन्हें गड़बड़ी सुधार कर शाम तक पुनः जमा करने का मौका दिया गया था, लेकिन वे समय पर संशोधित फॉर्म जमा नहीं कर सकीं। इस कारण उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई। सीमा सिंह मूल रूप से बरबीघा की रहने वाली हैं। उन्हें लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था।

## राजनाथ सिंह बोले– पाकिस्तान का हर इंच ब्रह्मोस की रेंज में... ऑपरेशन सिंदूर तो बस ट्रेलर था



विश्व की सबसे तेज और घातक सटीक प्रहार क्षमता वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली की निर्माता ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने लखनऊ की नई इंटीग्रेशन एंड टेस्ट सुविधा से मिसाइल की पहली खेप तैयार कर ली है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई से तैयार की गई ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को शनिवार को हरी झंडी दिखाई। यह दिन न सिर्फ उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बल्कि भारत के रक्षा उत्पादों में आत्मनिर्भरता के संकल्प को भी नई ऊर्जा भी देगा।विश्व की सबसे तेज और घातक सटीक प्रहार क्षमता वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली की निर्माता ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने लखनऊ की नई इंटीग्रेशन एंड टेस्ट सुविधा से मिसाइल की पहली खेप तैयार कर ली है। यह अत्याधुनिक इकाई 11 मई को उद्घाटन के बाद पूरी तरह संचालन में आई थी।वहीं, इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आज का दिन उत्तर प्रदेश की जनता के लिए महत्वपूर्ण दिन है। लखनऊ डिफेंस सेक्टर में अहम भूमिका निभा रहा है। मैंने पांच महीने पहले ब्रह्मोस यूनिट का उद्घाटन किया था। आज उसकी पहली खेप रवाना कर दी गई। यह आम बात नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया है कि जीत अब हमारी आदत बन चुकी है। पाकिस्तान को लेकर कही ये बात–राजनाथ सिंह ने कहा, दुनिया ने भारत की ताकत को माना है। देश को ये विश्वास है कि अब हम बहुत मजबूत हो चुके हैं। मैं बता दूं कि जब भारत पाकिस्तान को जन्म दे सकता है, अब आगे आप लोग समझदार हैं। पाकिस्तान का हर इंच ब्रह्मोस की रेंज में है। ऑपरेशन सिंदूर तो बस ट्रेलर था। ब्रह्मोस तीनों सेनाओं की रीढ़ है। यह यूनिट देश की बढ़ती ताकत की पहचान है। देश के किसी भी हिस्से में ब्रह्मोस की चर्चा करते हैं, तो उनमें में विश्वास दिखता है। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इसकी तारीफ करते नहीं थकते। ये विश्वास ही हमारी ताकत है। रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया देखी कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया देखी। इसी क्रम में ब्रह्मोस सिम्युलेटर उपकरणों का प्रस्तुतीकरण भी होगा। इसके अलावा पौधरोपण कार्यक्रम पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान, महानिदेशक (ब्रह्मोस) डॉ. जयतीर्थ आर जोशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक चेक और जीएसटी बिल सौंपा, जिससे राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा। ब्रह्मोस मिसाइलों के उत्पादन से उत्तर प्रदेश में उच्च कौशल वाले युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। लखनऊ ब्रह्मोस इकाई उत्तर प्रदेश रक्षा गलियारे का पहला ऐसा प्रतिष्ठान है, जहां मिसाइल प्रणाली के निर्माण से लेकर अंतिम परीक्षण तक की पूरी प्रक्रिया देश में ही की जाती है। यह परियोजना न सिर्फ रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि प्रदेश में रोजगार, निवेश और तकनीकी नवाचार के नए अवसर भी सृजित कर रही है।

## सपा में शामिल हुए कई नेता; अखिलेश का भाजपा पर तंज; बोले– फुस्स फुलझड़ी से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में कई नेताओं ने सपा का दामन थामा। इस मौके पर सपा मुखिया ने कहा कि इन सभी साथियों के आने से पीडीए की लड़ाई और मजबूत होगी।राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुख्यालय में कई नेताओं ने समाजवादी पार्टी का दामन थामा। सपा में शामिल होने वालों में देवेंद्र कुशवाहा, नदीम अशरफ, रणवीर सिंह गौतम अहिरवार और गाजीपुर से श्यामलाल बिंद रहे। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी का पार्टी में स्वागत किया। कहा कि पीडीए के सामाजिक आंदोलन और बाबा साहब के आंदोलन के लिए बहुत से लोग जुड़ रहे हैं। इन सभी साथियों के आने से पीडीए की लड़ाई और मजबूत होगी।इस मौके पर अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि आज धनतेरस है, इसलिए किसी के बारे में ज्यादा भला–बुरा मत कहिए। एक सवाल के जवाब पर सरकार पर तंज कसा कि दिवाली पर फुस्स फुलझड़ी से क्या उम्मीद की जा सकती है? जिसने बिजली बनाई नहीं, वो बिजली देंगे कैसे? अखिलेश ने आगे कहा कि हमारे सीएम बिहार में पार्टी की तरफ से स्टार प्रचारक बनकर गए हैं। हम कहते हैं वह स्टार प्रचारक नहीं बल्कि, स्टार विभाजक बनकर गए हैं। बिहार साम्प्रदायिक लोगों को कभी स्वीकार नहीं करेगा। सरकार पहला झूठ यही बोल रही है कि आठ साल हुए हैं। जबकि सरकार 9 वर्ष होने वाले हैं। अब सिर्फ एक आखिरी बजट आना है, इस सरकार का। पहले बिजली बेचना चाह रहे थे, अब निजीकरण भी नहीं कर पा रहे हैं। सपा मुखिया ने आगे कहा कि हमारे समय में सरकार का बजट चार लाख करोड़ था। तब हमने स्टेडियम बनवाया, मेट्रो बनवाया, एक्सप्रेसवे बनवाया। अब सरकार का बजट आठ लाख करोड़ रुपये हो गया है, काम का पता नहीं। सरकार विभागों में चोरी नहीं रोक पा रही है। इसीलिए तो विधायकों के घरों में चोरी हो रही है। सपा सरकार बनी तो कुम्हारों से खरीदेंगे एक करोड़ दीये उन्होंने कहा कि आजकल लोग भेड़िये की दहशतगर्दी से परेशान हैं। अभी तक छतों पर सांड चढ़ रहा था, अब तो गुलदार भी छतों पर चढ़ रहा है। कुछ ही दिनों में 52 लोगों पर हमले हो चुके हैं। समाजवादी लोग बुल और बुलडोजर दोनों के खिलाफ हैं। दिवाली पर कुम्हार परेशान हैं। सपा सरकार बनी तो दिवाली पर सरकार कुम्हारों से एक करोड़ दीये खरीदा करेगी। अखिलेश ने आगे कहा कि कानपुर के अखिलेश दुबे के घर बुलडोजर नहीं चलेगा। उस पर कार्रवाई हुई तो सरकार के कई अफसर फंस सकते हैं। अब उसकी जान की फिकर हम सबको करनी है। नए कमिश्नर को यह कहकर भेजा गया है कि अब उसके खिलाफ एक भी केस दर्ज नहीं किया जाएगा।

## सरकार की सलाह के बिना हुई वार्ताकार की नियुक्ति, CM ममता ने पीएम मोदी से रद्द करने की मांग की

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर गंभीर आपत्ति जताई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर गोरखा मुद्दों पर बातचीत के लिए मध्यस्थ नियुक्त किए जाने के फैसले को आश्चर्यजनक और चौंकाने वाला बताया। साथ ही इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की है।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखकर नाराजगी जताई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ने गोरखा मुद्दों पर बातचीत के लिए एक %इंटरलोक्यूटर% यानी मध्यस्थ को राज्य सरकार से बिना कोई सलाह लिए ही नियुक्त कर दिया है।गोरखा समुदाय से जुड़ा मामला बेहद संवेदनशील– सीएम



सीएम ममता ने कहा कि गोरखा समुदाय से जुड़े मामले बेहद संवेदनशील हैं और इन पर फैसला राज्य सरकार की भागीदारी के बिना नहीं होना चाहिए। उनके मुताबिक, गोरखा आंदोलन और उससे जुड़े राजनीतिक मसले सीधे तौर पर राज्य की शांति, प्रशासन और विकास से जुड़े हैं। ऐसे में बिना राज्य को शामिल किए किसी मध्यस्थ की नियुक्ति करना संघीय ढांचे की भावना के खिलाफ है। IPS अधिकारी पंकज कुमार सिंह नियुक्त हुए वार्ताकार–सरकार ने सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी पंकज कुमार सिंह को गोरखा समुदाय से जुड़े मुद्दों पर बातचीत के लिए वार्ताकार नियुक्त किया है। ममता बनर्जी का कहना है कि इस फैसले से पहले राज्य सरकार से कोई सलाह–मशविरा नहीं किया गया, जबकि यह मामला सीधे तौर पर पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग हिल्स, तराई और दुआर्स क्षेत्रों से जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा, %इस तरह का एकतरफा निर्णय सहकारी संघवाद की भावना के खिलाफ है, जो हमारे संविधान के मूल सिद्धांतों में से एक है।% उन्होंने कहा कि गोरखा समुदाय से जुड़े किसी भी कदम में राज्य सरकार को शामिल करना जरूरी है, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। सीएम ममता ने याद दिलाया जीटीए समझौता– ममता बनर्जी ने याद दिलाया कि गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) का गठन 18 जुलाई 2011 को दार्जिलिंग में त्रिपक्षीय समझौते के तहत हुआ था। यह समझौता केंद्र सरकार, राज्य सरकार और गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) के बीच हुआ था। इसका उद्देश्य गोरखा समुदाय की सांस्कृतिक पहचान की रक्षा करना और पहाड़ी क्षेत्रों में सामाजिक–आर्थिक विकास सुनिश्चित करना था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2011 में उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद से पहाड़ी क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बना हुआ है और इसे बरकरार रखने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है।ममता बनर्जी की केंद्र से अपील अपने पत्र में ममता बनर्जी ने जोर देकर कहा, %इस संवेदनशील मामले में किसी भी एकतरफा कदम से क्षेत्र में शांति और सद्भाव को नुकसान पहुंच सकता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की कि बिना राज्य सरकार से सलाह लिए लिए गए इस फैसले को रद्द किया जाए और केंद्र–राज्य के बीच आपसी सम्मान और संघीय भावना बनाए रखी जाए।

## संपादकीय Editorial

### Trump's False Claims

Why is US President Trump so prone to lies? Even after Operation Sindoor, he has repeatedly falsely claimed that he brokered a ceasefire between certain countries. President Trump even lied about ceasefires in countries where there was no war or where Trump had no role. His desperation to win the Nobel Prize has made Trump accustomed to lying, even while in office. Whether such countries will respond to his lies is not our concern, but when it comes to Prime Minister Modi and India's national interests, we cannot remain neutral and silent. It is not mandatory for Prime Minister Modi to respond to such absurd statements. He is bound by international protocol and a foreign policy of mutual respect. However, the Ministry of External Affairs has expressed ignorance about the phone call between Prime Minister Modi and President Trump, which clearly indicates that there was no communication between the two leaders last Wednesday. How is it possible to conclude that India will stop buying Russian oil and energy products if there is no dialogue? It's remarkable that President Trump was speaking face-to-face with reporters at the White House. During his address, he revealed that Prime Minister Modi had assured India today (Wednesday) that India would stop buying oil from Russia. This cannot happen immediately; it will take some time. The process will be completed soon. President Trump described this as a major step toward increasing pressure on Russia to stop the Ukraine war. On Thursday, India rejected this false claim and clarified that there was no phone conversation between the two leaders. Trump had made nearly 50 similar false claims regarding the India-Pakistan ceasefire, which were indirectly refuted by Prime Minister Modi and Defense Minister Rajnath Singh during a special discussion in Parliament. The Indian Prime Minister cannot use language such as "Trump lied" or "Trump is a liar." The Indian Prime Minister and ministers have certain diplomatic etiquette. The opposition may wish to remain under the misconception that Prime Minister Modi is afraid of President Trump. However, Foreign Ministry spokesperson Randhir Jaiswal called Russian oil a "national interest" given the energy needs of India's 1.4 billion people, calling it a top priority and commitment. It should be noted that the US President imposed a 25% additional tariff on India as a penalty because India purchases oil from Russia. The US President even alleged that by purchasing oil, India was indirectly enhancing Russia's war-fighting power. However, according to a report by the Center for Research on Energy and Clean Air (CREA), a European think tank, India purchased crude oil from Russia in September for 2.5 billion euros, or $2.91 billion. In fact, India purchased a total of 3.6 billion euros of Russian fossil fuels, including crude oil, coal, and other oil products. India's crude oil imports from Russia were approximately 1.6 million barrels per day, a 9% decrease compared to previous months. However, this does not mean that India will reduce or completely stop purchasing oil from Russia. Russia has been a trusted friend of India. The US President never tires of addressing Prime Minister Modi as "a great man, a great Prime Minister, my dear friend," but he also does not shy away from stabbing India in the back. Russia has never behaved in such a "double-faced manner." Indeed, India is the third-largest oil consumer in the world and, consequently, an importer. India is the second-largest buyer of Russian oil after China. India has once again reassured the US that the India-Russia partnership will continue. Trump has always tried to pressure India to open its markets to him.

# Cyber ??fraud is failing to be curbed, and people are falling prey due to lack of awareness.


The Supreme Court has expressed concern over cases of digital arrests, but due to lack of awareness, cyber fraud cases are not decreasing. Criminals threaten people by posing as police or other agencies. Even educated people are falling prey to these frauds and are hesitant to report them. Cybercrime be strengthened. The rising number of digital Ministry and the CBI is in such cases. This is due public and the inability of criminals who use the pretext. The Supreme of a case involving a fraud couple in Haryana, court and investigative for a long time. as police officers and sometimes as officers from Narcotics Bureau. using fake court orders as cybercriminals are are unaware that no It's ironic that despite the



prevention mechanisms need to Supreme Court's response to the arrests from the Union Home unlikely to result in a reduction to a lack of awareness among the agencies to easily reach the threat of digital arrest as a Court took suo motu cognizance of over ?1 crore from an elderly possibly because of the use of fake orders. This has been happening Cybercriminals sometimes pose threaten to digitally arrest people, the CBI, ED, Customs, or Recently, they have even begun cover. This not only means that unbridled, but also that people agency digitally arrests anyone. absence of a digital arrest system, cybercriminals are still successful in extorting money from people through threats. Lack of awareness has made the work of cybercriminals even easier. Educated individuals, even those working in banks and crime prevention agencies, are falling prey to cybercriminals and losing millions and crores. Recently, cybercriminals in Mumbai extorted ?58 crore from an entrepreneur. There have been numerous cases where people were allegedly digitally arrested for weeks, withdrawing money from banks and handing it over to the fraudsters. It's difficult to understand why such people don't consider it necessary to complain to the police? Do they lack trust? Be that as it may, some cases have surfaced where bank employees have been found complicit. This is a very worrying situation. It's also undoubtedly concerning that fraudsters claiming digital arrests are not easily caught. In most cases, the lost funds are never recovered. This shows that cyber fraudsters are four steps ahead of the crime prevention system. The anti-crime system should be so efficient that it instills fear in cyber criminals. It's doubtful whether the Supreme Court's orders and directives will achieve this. The need is not only to further strengthen the anti-cybercrime system but also to effectively conduct public awareness campaigns. Banks and various agencies should understand that this campaign is currently not running properly.

# A major threat emerges from Pakistan, India must remain alert.

Increasing investment by both the US and China in Pakistan could also deter India from taking more aggressive action against Pakistan. This strategy, fueled by overconfidence, has led Munir to increase military buildup near Sir Creek and threaten to attack the world's largest oil refinery in Jamnagar. Recently, Defense Minister Rajnath Singh stated that Pakistan is continuously increasing its military presence in the Sir Creek region and that any misadventure will be met with a response that will change both history and geography. Just days later, Army Chief General Upendra Dwivedi stated that if Pakistan does not stop supporting terrorism, India will not show the same restraint it did during Operation Sindoor, and Pakistan may be wiped off the world map. He also urged soldiers to prepare for the next conflict. Such statements are generally rare from India. This means the government has significant information about Pakistan's terrorist plot, prompting the Defense Minister and the Army Chief to issue a series of statements warning Pakistan. Previously, Pakistan's Army Chief Asim Munir has visited the United States twice, receiving special treatment and time at the White House from President Donald Trump. Munir also made the unprecedented move of threatening India from American soil. Just a few days after Munir's visit, Pakistani Army spokesman Lieutenant General Ahmed Sharif Chaudhry threatened India, saying that in the event of a military conflict, Pakistan would begin by targeting India's eastern flank. The question arises: if Pakistan's missiles couldn't reach Sirsa and Hisar during Operation Sindoor, how could they reach eastern India? The answer to this question was found when Muhammad Yunus, the head of Bangladesh's interim government and a puppet of the US deep state, met with Trump, who was once angry suddenly changed his stance displayed his anti-India stance explains Pakistan's intention to Meanwhile, some questions Pakistan to take advantage of Bangladesh? Has Pakistan terrorist base near India's which it is repeatedly eastern India? It is possible and the US are conspiring that when Operation Sindoor India's actions would be that everything would return hours. However, when Indian civilian targets, India Pakistani airbases used by the avenge this insult. In this statement that US forces want







Trump at the White House. with Yunus, like Pakistan, towards him. Yunus in the US. This easily target Northeast India. arise: will the US allow its puppet government in established a drone base or eastern borders, using threatening to target that Pakistan, Bangladesh, against India. Remember began, the US believed that limited, like Balakot, and to normal within a few Pakistan attempted to target did not spare even the US. The US now wants to context, President Trump's the return of Bagram Airbase in Afghanistan is not surprising. Trump also threatened Afghanistan with dire consequences if it did not comply. While the US can monitor Chinese activities from Nur Khan Airbase in Pakistan, it now needs an airbase in Afghanistan to continue supporting Pakistan in the event of an Indian attack on Pakistani airbases. It can move its military equipment from Pakistani bases to Bagram, and, most importantly, to monitor both Chinese and Indian military activities and, if necessary, use it to attack Iran. Pakistan has also found a way to meet these US requirements. Munir has invited Trump to develop Pakistan's Pasni port. Pasni is just a hundred kilometers from Gwadar Port in Balochistan, developed by China at a cost of billions of dollars under the China-Pakistan Economic Corridor, and has been suffering from sand-filling since 2011. Pakistan believes that the CIA is somehow supporting the Baloch rebels to counter China. In such a situation, the US, pleased with the flattery through Pasni, may withdraw its support from the Baloch rebels and, from Pasni, keep an eye on both India and China. Munir believes that this move could balance Pakistan's relations with both China and the US. Increasing US and Chinese investment in Pakistan could also deter India from taking more aggressive action against Pakistan. Boasting overconfidence from this strategy, Munir is now increasing military buildup near Sir Creek and threatening to attack the world's largest oil refinery in Jamnagar. While Munir's voice is the sole voice, his script is written by Americans who want Indian companies like Reliance to stop buying oil from Russia and increase their imports from the US. Amidst all this, it remains to be seen how China will react to Pakistan seeing it fall into the US fold. Will China choose to treat India as a major power and move forward with India, or will it pursue a G-2 approach with the US, which seeks to divide global power between the US and China? If the G-2 approach continues, If this escalates, India will face difficult times ahead. In any case, a future war with Pakistan will be much larger and more widespread.

# प्रेमिका से जबरन निकाह कराने पर युवक ने फंदा लगाकर दी जान

ठाकुरद्वारा । कोतवाली क्षेत्र में प्रेमिका से जबरन निकाह कराने के विवाद में युवक ने शुक्रवार को जंगल में जाकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों में कोहराम मच गया । परिजनों ने प्रेमिका पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी सुरजन नगर क्षेत्र के गांव लालापुर पीपलसाना निवासी 26 वर्षीय दानिश अंसारी पुत्र खलील अहमद 3 महीने पूर्व ही 5 वर्ष के बाद सऊदी अरब से मेहनत मजदूरी कर अपने घर आया था ।बताया जाता है कि गांव की ही नजराना नमक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जाता है सऊदी अरब से लौटे दानिश के साथ 13 अक्टूबर की रात को नजराना के परिवार ने जबरन निकाह कर दिया। जबकि दानिश 10 दिन का समय शादी करने के लिए मांग रहा था ताकि उसके बाहर गए पिता लौट आयें । लेकिन युवती के परिजन व अन्य ने बिना परिवार की सहमति के जबरन निकाह करा दिया । बताया जाता है कि शुक्रवार की सवेरे युवती के परिजनों ने उसके घर पर पहुंचकर उसके परिजनों को बुरा भला कहा जिससे वह मानसिक तनाव में आ गया । अपनी व परिजनों की बेइज्जती बर्दाश्त नहीं कर सका । घर से निकल कर जंगल की ओर गया और अपने खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ मे खांसी का फंदा लटका कर आत्महत्या कर ली । दानिश को घर में न देख परिजनों ने उसकी तलाश की वही उसकी लाश यूकेलिप्टस के पेड़ पर फंदे से लटकी मिली। मृतक की मां रहीसा बेगम का आरोप है कि उसके बेटे की हत्या की गई और लाश को पेड़ से लटकाया गया। पुलिस ने शव पेड़ से उतार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची । फॉरेंसिस टीम मे अस्पताल में पहुंचकर जांच पड़ताल की । मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था । करीब 15 दिन के बाद उसे सऊदी अरब जाना था । छोटे भाई मुर्सलिम आजम, बहन गुलफसा, साहिबा अन्य परिजनों का बुरा हाल था । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# थाना क्षेत्र भोजपुर में खाद्य विभाग की बड़ी कार्यवाही, टीम ने मिठाई बनाने की फैक्ट्री में की छापेमारी

क्यूँ न लिखूँ सच / भोजपुर – जनपद मुरादाबाद के थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव बहेडी ब्रह्मनान में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए मिठाई बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा मारा जिसमें मिठाई के सैंपल लिए गए सभी सैंपल जांच के लिए लैब में भेज दिए गए। थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव बहेडी ब्रह्मनान में राशिद पुत्र वाहिद हुसैन की मिठाई बनाने की फैक्ट्री में छापेमारी की। खाद्य सुरक्षा विभाग को शिकायत मिली थी कि राशिद पुत्र वाहिद हुसैन की फैक्ट्री में मिल्क केक और बर्फी सफेद रसगुल्ला मैदा से बनाया जाता है। इसलिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी की। शुक्रवार को करीब 4ः00 बजे खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम शिकायत पर बहेडी ब्रह्मनान पहुंची लेकिन फैक्ट्री संचालक ने रात 9 बजे तक टीम को उलझाये रखा और 9 बजे टीम फैक्ट्री में घुस पायी। जिसमें मौके पर 5 डिब्बे मिल्क केक और 10 डिब्बे बर्फी के मिले। फैक्ट्री में इतनी कम मात्रा में माल मिलने से आशंका जतायी गयी की राशिद ने माल को हटा दिया है हो सकता है क्योंकि कई घण्टे टीम बाहर ही इंतजार करती रही। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गेट खोलने को कहा को बताया कि फैक्ट्री संचालक का परिवार कही बाहर गया हुआ है। करीब 9ः00 बजे फैक्ट्री को खोला गया खाद्य सुरक्षा की टीम ने जब अंदर जाकर सामग्री को दिखा तब सिर्फ पांच डिब्बे मिल्क केक और 10 डिब्बे बर्फी ही मौके पर मिली। जिसके सैंपल लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच के लिए लैब में भेज दिया है। आपको बतादे की बहेडी ब्रह्मनान में राशिद पुत्र वाहिद हुसैन मिठाई बनाने के फैक्ट्री चलाते हैं। शुक्रवार को शिकायत पर पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने राशिद पुत्र वाहिद निवासी बहेडी ब्रह्मनान के यहां छापामारी की। और माल के नमूने लेकर जाँच के लिए भेज दिये हैं। वही खाद्य सुरक्षा टीम ने बताया कि मौके पर मिल्क केक और बर्फी ही मिली है इसके सेम्पल भरे गए हैं। साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बताया है कि आगे की कार्यवाही सैंपल रिपोर्ट आने के बाद विविध कार्यवाही की जाएगी। वही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने फैक्ट्री संचालक को रिहायशी इलाके से अलग जगह फैक्ट्री चलाने और साफ सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के कड़े निर्देश दिये है। इस कार्यवाही में कृष्णा गोपाल यादव मंडल खाद्य सुरक्षा अधिकारी, के के यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारी, रामकिशोर खाद्य सुरक्षा अधिकारी और थाना भोजपुर की पुलिस मौजूद रही।







# दरोगा की मैगजीन व टियर गैस सेल लूटने वाला उपद्रवी गिरफ्तार

संभल कोतवाली पुलिस ने 24 नवंबर की संभल हिंसा के दौरान दरोगा की पिस्टल की मैगजीन, पुलिस कर्मियों से टियर गैस सेल व कारतूस लूटने के आरोप में एक उपद्रवी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ दरोगा की ओर से नामजद अब तक कुल 103 आरोपित जेल भेजे जा चुके बताया कि शुक्रवार को गिरफ्तार किए गए कोट गर्वी, कोतवाली संभल के रूप में हुई है। शामिल था। दरोगा संजीव कुमार द्वारा दर्ज कराई में वसीम ने कबूल किया कि मस्जिद सर्वे की जामा मस्जिद के पास पहुंचकर हिंसा में शामिल उसने अन्य उपद्रवियों के साथ मिलकर दरोगा थी। इसके अलावा सिपाही कपिल कुमार के कुमार के बैग से 25 ब्लैंक कारतूस और 25 राउंड 12 बोर कारतूस लूटे गए थे। 19 नवंबर हुआ और दूसरा चरण 24 नवंबर को किया एफआईआर दर्ज कराई गई थी। संभल हिंसा में हैं। सदर कोतवाली के इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने अभियुक्त की पहचान वसीम पुत्र नईम निवासी वह 24 नवंबर को हिंसा के दौरान हुए पथराव में गई एफआईआर में वसीम का नाम दर्ज था। पूछताछ जानकारी मिलने पर वह अन्य लोगों के साथ हुआ था। वसीम पर आरोप है कि हिंसा के दौरान संजीव कुमार की पिस्टल की मैगजीन लूट ली बैग से 29 टियर स्मोक सेल, सिपाही पंकज रबर बुलेट, तथा सिपाही राजपाल के बैग से 15 की शाम को जामा मस्जिद में पहले चरण का सर्वे गया। सर्वे के दौरान ही हजारों की भीड़ एकत्र हो गई और स्थिति बेकाबू हो गई। भीड़ ने पुलिस पर पथराव और फायरिंग शुरू कर दी थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी, जबकि उपद्रवियों ने कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया था।




# इधर चल रही थी आयकर की छापेमारी, उधर मीट फैक्ट्री मालिक ने दर्ज करा दिया मुकदमा

संभल। एक तरफ इंडिया फ्रोजन फूड्स मीट फैक्ट्री के मालिक और उसके मालिक के घर पर आयकर विभाग ने छापेमारी शुरू की तो कुछ घंटे बाद ही जनपद संभल के हयातनगर थाने पर फैक्ट्री मालिक की तरफ से एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। बड़ी बात यह कि मुकदमे में फैक्ट्री मालिक ने टैक्स चोरी सहित तमाम आरोपों की शिकायत कर उसकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। इंडियन फ्रोजन फूड्स के और और संभल व बरेली सहित कई आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी शुरू गुरुवार शाम 6ः30 बजे समाप्त हुई। इस 13 अक्टूबर की सुबह आयकर विभाग ने हयातनगर थाने पर फैक्ट्री मालिक इरफान निवासी जाहिद नूर के खिलाफ मुकदमा जाहिद ने उनके व्यवसाय और प्रतिष्ठा को पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी जाहिद नूर भेजी थी, जिसमें इंडिया फ्रोजन फूड्स के और टैक्स चोरी के आरोप लगाए गए थे। निर्देश डीआईजी मुरादाबाद को दिये थे। बिजनौर को दी गई थी। इस जांच में क्या है।एक साल से चल रही थी घेराबंदी इंडिया प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई मालिक इमरान कुरैशी,इरफान कुरैशी के घर प्रतिष्ठानों पर सोमवार 13 अक्टूबर की सुबह की थी। यह कार्रवाई लगभग 84 घंटे के बाद मामले में अब नई बात यह सामने आई है कि कार्रवाई शुरू की और इसी दिन शाम को कुरैशी की तहरीर परसरायतरीन के ही कोटला दर्ज कराया गया। इरफान ने आरोप लगाया कि बदनाम करने की नीयत से झूठे आरोप लगाए। ने कुछ माह पहले एडीजी बरेली को शिकायत मालिकों पर गलत तरीके से कारोबार करने एडीजी ने शिकायती पत्र की जांच कराने के डीआईजी के स्तर से मामले की जांच एएसपी सामने आया सह अभी तक साफ नहीं हो पाया फ्रोजन फूड्स फैक्ट्री,उसके मालिकों के घर व में क्या मिला यह तभी साफ हो पाएगा जबकि आयकर विभाग कार्रवाई की जानकारी दे,लेकिन एक बात साफ है कि जो हुआ वह इंडिया फ्रोजन फूड्स के खिलाफ मीट लाबी द्वारा पिछले एक साल से की जा रही घेराबंदी का ही नतीजा है।संभल में वैसे तो पांच फ्रोजन मीट प्लांट हैं लेकिन तीन फ्रोजन मीट प्लांट यहां पर भाजपा सरकार आने के बाद भी संचालित हो रहे थे। इसके बाद प्रदूषण के मानकों का पालन न करने व अन्य कारणों से दो फैक्ट्रियों को बंद करा दिया गया और केवल इंडिया फ्रोजन फूड्स ही संचालित रहा। बंद हुई दो मीट फैक्ट्रियों के मालिकों ने अपनी फैक्ट्रियां फिर से शुरु कराने के लिए सालों पहले जो कवायद शुरू की वह अब तक जारी है लेकिन वह फैक्ट्री चलवाने में कामयाब नहीं हो पाये। आरोप यह लगते रहे कि इंडिया फ्रोजन फूड्स के मालिक बाकी फैक्ट्रियों का संचालन नहीं होने दे रहे हैं। यह भी कहा गया कि कोई दूसरी फैक्ट्री न चलने देने के लिए इंडिया फ्रोजन फूड्स प्रबंध तंत्र संभल से लेकर लखनऊ तक खेल खेलता रहा है। हालांकि दूसरी तरफ इंडिया फ्रोजन फूड्स के मालिक आरोप लगाते रहे हैं कि उन्हें ब्लैकमेल करने और धमकाने का काम किया जा रहा है। अप्रैल के महीने में भी इंडिया फ्रोजन फूड्स के मालिक ने ब्लैकमेल करने का मुकदमा दर्ज कराया था। तब पुलिस ने एक ग्राम प्रधान सहित दो लोगों को जेल भेजा था जबकि कुरैशी बिरादरी के बड़े नेता को 24 घंटे पुलिस हिरासत में बिताने पड़े थे।



## संक्षिप्त समाचार

### अवैध आतिशबाजी पर बड़ी कार्रवाई...लाखों की सामग्री जब्त

दीपावली के मद्देनजर संभल में पुलिस और प्रशासन ने शुक्रवार को कोट पूर्वी मोहल्ले में आबादी के बीच अवैध रूप से संग्रहित आतिशबाजी के भंडारण पर छापा मारकर भारी मात्रा में पटाखे जब्त किए गए। छापेमारी की कार्रवाई क्षेत्राधिकारी आलोक भाटी और सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के नेतृत्व में की गई। टीम ने व्यापारी के मकान से ई-रिक्शा भरकर आतिशबाजी सामग्री बाहर निकाली। सुरक्षा कारणों से जब्त आतिशबाजी को आबादी क्षेत्र से बाहर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करा दिया गया है। सीओ आलोक भाटी ने बताया कि दीपावली के दौरान अवैध आतिशबाजी से आगजनी और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस आतिशबाजी बेचना या भंडारण करना अपराध है और इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने कहा कि जन सुरक्षा सर्वोपरि है और ऐसे अवैध भंडारण पर अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रशासन का कहना है कि शहर से लेकर गांव तक अवैध रूप से आतिशबाजी की बिक्री और भंडारण को लेकर कार्रवाई का अभियान लगातार जारी रहेगा।



### कारोबारियों के विदेश जाने का खंगाला जा रहा ब्योरा, एक साल के अंदर किए 100 दौरे

संभल के सरायतरीन निवासी मीट कारोबारियों पर आयकर विभाग की कार्रवाई में भारी गड़बड़ी सामने आई है। चार दिन की जांच में बेशकीमती संपत्तियों, पशुओं की खरीद-फरोख्त और मांस बिक्री से जुड़ी अनियमितताओं का पता चला है। विभाग को एक साल में 100 से अधिक विदेश यात्राओं के प्रमाण हैं। सरायतरीन निवासी मीट कारोबारी हाजी इमरान और हाजी इरफान पर आयकर विभाग तो शिकंजा कस चुका है। चार दिन की छानबीन में संपत्तियों के बेशकीमती दस्तावेज व पशुओं की खरीद फरोख्त व मांस की बिक्री में बड़ी आयकर की गड़बड़ी मिली है ।आयकर विभाग की ओर से अभी तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं की है लेकिन आयकर विभाग की यह कार्रवाई जिले की सबसे बड़ी कार्रवाई में से एक है। शुक्रवार को मीट कारोबारियों के करीबी कर्मचारी को लेकर काफी चर्चा रही।चर्चा है कि आयकर की टीम को कर्मचारी का जो पासपोर्ट मिला है उसमें एक साल के अंदर 100 से ज्यादा विदेश यात्रा के प्रमाण शामिल हैं। टीम इस छानबीन में लगी है कि इतनी यात्रा करने के पीछे कारण क्या था। कर्मचारी टीम की निगरानी में है। चर्चा है कि यही कर्मचारी निर्यात को संभालता है। वहीं दूसरी ओर जिन लोगों द्वारा बोगस फर्म का संचालन किया जा रहा था। वह शहर छोड़कर भाग गए हैं। बोगस फर्म के दस्तावेज आयकर के अधिकारियों के पास हैं जो टीम लेकर जा चुकी है। देश और विदेश की संपत्तियों को लेकर भी खूब हो रही चर्चा आयकर विभाग की ओर से भले कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है लेकिन आम लोगों में तमाम तरह की चर्चाएं आम हैं। इसमें मीट कारोबारियों की देश और विदेश की बेशकीमती संपत्तियां भी शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि इन संपत्तियों की सही कीमत आयकर की टीमें जुटा रही हैं। दस्तावेज के आधार पर मोटे तौर पर आकलन किया गया है। यह छानबीन जारी है। जल्द ही इसमें आयकर विभाग की ओर से स्पष्ट जानकारी भी दी जाएगी। चार दिन के बाद खुली फैक्टरी, मालिक नहीं पहुंचे आयकर की कार्रवाई के दौरान मीट फैक्टरी का संचालन बंद रहा। कोई वाहन फैक्टरी से बाहर नहीं निकला इससे यह स्पष्ट हुआ। आयकर की टीम बृहस्पतिवार की शाम को लौटी तो रात के समय से ही मीट फैक्टरी में काम शुरू हो गया। शुक्रवार को भी पशुओं का कटान किया गया है। हालांकि मीट कारोबारी फैक्टरी पर नहीं पहुंचे। कर्मचारी ही मौजूद रहे।



क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# टूरिस्ट बस ईको गाड़ी में जोरदार भिड़ंत

## ईको में सवार चालक सहित तीन की मौत व 10 लोग गंभीर रूप से घायल



क्यूँ न लिखूँ सच / शेर सिंह / बरेली भुता। बरेली बीसलपुर मार्ग पर शुक्रवार रात 1=30 टूरिस्ट प्राइवेट बस व ईको गाड़ी में आमने-सामने जोरदार से टक्कर में इको गाड़ी के परखच्चे उड़े। ईको में सवार चालक सहित तीन की मौत हो गई। तथा 10 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 2 घंटे की कड़ी मशक्त के बाद रेस्क्यू टीम के द्वारा काट कर शबों को निकाला गया। पुलिस ने घायलों को तत्काल एंबुलेंस से बरेली अस्पताल भिजवाया। बरेली बीसलपुर मार्ग पर ग्राम मरेला चौकी के पास मिर्ची ढाबा के सामने बीसलपुर की ओर से आ रही टूरिस्ट प्राइवेट बस व बरेली की ओर से ईको गाड़ी में चालक सहित 13 लोग सवार ईको व बस आमने-सामने दोनों में जबरदस्त टक्कर हुई। जिससे एक गाड़ी के पर परख्च्चे उड़ गए, बस ईको गाड़ी के ऊपर चढ़ गई। मजदूर व चालक बुरी तरह फंस गए। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार में फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर दो ढाई घंटे की मशक्त करने के बाद ईको गाड़ी में सवार मजदूरों को रेस्को टीम ने मृतकों के शवों को जैसे तैसे निकला गया। जिसमें चालक सहित तीन की मौत हो गई। अन्य 10 घायलों को एंबुलेंस से ले जाकर उपचार हेतु अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां भी जहां कई लोगों की हालत चिंताजनक बताई जाती है। इधर ईको गाड़ी का चालक राकेश कुमार 33 वर्षीय निवासी गांव दियोरिया पकड़िया बीसलपुर जिला पीलीभीत व मृतक जितेंद्र कुमार लगभग 28 वर्षीय निवासी ग्राम परेवा थाना बिलसंडा व मृतक मजदूर गौरव उम्र लगभग 19 वर्षीय निवासी ग्राम लभुआ थाना दियोरिया कला, बीसलपुर पीलीभीत तीनों की मृत्यु हो गयी । तथा घायल शिव शंकर परेवा थाना बिलसंडा, घायल हरिश्चंद्र परेवा तुर्रा थाना बिलसंडा, छोटेलाल, महेंद्र कुमार 50 वर्षीय ग्राम परेवा तुर्रा थाना बिलसंडा निवासी बताए जाते हैं। और कांता प्रसाद, अजय कुमार, अमित कुमार, भजनलाल, वीरपाल, गोधनलाल निवासी ग्राम लमहुआ थाना दियोरिया बीसलपुर पीलीभीत के है।सभी 10 घायलो को उपचार हेतु बरेली में धनवंतरी अस्पताल उपचार कराया जा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने रविंद्र कुमार ने बताया कि यह यह सब मजदूर करके धान काटने मथुरा , सिकंदराबाद हरियाणा, आदि स्थानों से मजदूरी कर कर अपने घर दीपावली पर आ रहे थे। अचानक हुई हादसे से मृतकों के घर परिवारों में भारी कोहराम मचा हुआ है।


# मथुरा में दर्दनाक हादसा...बिजली के तार से सीएनजी कार में लगी आग, युवक की जिंदा जलकर मौत

मथुरा में दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई। वो कार से खेतों की ओर घूमने के लिए निकला था। बिजली का तार टूटकर कार पर गिर गया। कार में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि उसे बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला।मथुरा के थाना मांट क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल के पीछे खेत पर की कार के ऊपर टूटकर गिर गया जिससे गई जिसमें सवार जिंदा ही मौत हो गई सूचना दमकल की मदद से शव को कब्जे में लेकर मांट-राया मार्ग पर गाड़ी लेकर आये युवक हाइटेशन लाइन का तार कार में भीषण आग लग जल गया और मौके पर पर पहुंची पुलिस ने आग पर क़ाबू पाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



शनिवार को कस्बा मांट राजा निवासी 25 वर्षीय अंकित पुत्र महेंद्र मांट-राया मार्ग पर स्थित पेट्रोल पम्प के पास अपने खेतों को तरफ़ घूमने आया था तभी कार ग्लैंजा टोयटा के ऊपर हाइटेशन लाइन टूटकर कार पर हुआ जिससे कार में अचानक से भीषण आग लग और अंकित जिंदा जल गया और मौके पर हो उसकी मौत हो गई। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि कार सीएनजी होने कारण अचानक से आग लग गई थी और जब तक दमकल को बुलाया गया तब तक कार में सवार जिंदा जल गया,शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बीएचयू में एक नवंबर से चलेगी एग्जामिनेशन मैनेजमेंट स्ट्रेस क्लीनिक, इस तरह से दिया जाएगा परामर्श



बीएचयू में एक नवंबर से एग्जामिनेशन मैनेजमेंट स्ट्रेस क्लीनिक चलेगी। यहां विशेषज्ञ छात्रों को परीक्षा से संबंधित तनाव और चिंता को कम करने के लिए सलाह देंगे।बीएचयू में परीक्षाओं के बोझ और तनाव को कम करने के लिए एग्जामिनेशन मैनेजमेंट स्ट्रेस (ईएसएमसी) क्लीनिक खुलेगी। एक नवंबर से छात्र-छात्राओं को सोमवार से शनिवार तक रोज परामर्श दिया जाएगा। पूरे दिन स्टूडेंट वेलफेयर सेंटर बिल्डिंग में ये सुविधा छात्रों को उपलब्ध होगी। एक नवंबर से शुरू हो रहा क्लीनिक 30 जनवरी तक चलेगी। छात्रों को परीक्षा से संबंधित तनाव और चिंता को कम करने के लिए यहां एक्सपर्ट सलाह देंगे। बिना किसी बाहरी दबाव या पूर्वाग्रह के छात्रों के टाइम मैनेजमेंट, रिलैक्सेशन और मानसिक सक्रियता आदि को बेहतर बनाया जाएगा। छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक दबावों से निपटने के लिए तैयार किया जाएगा। कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा। इमोशनल कंट्रोल और सेल्फ केयर की शिक्षा दी जाएगी। तीन महीने लगातार छात्र-छात्राओं के लिए ये सुविधा मुहैया कराई जाएगी।इस तरह से दिया जाएगा परामश... 'तनाव से निपटने के लिए जरूरी स्ट्रेटजी सिखाई जाएगी। परीक्षा के दिनों में छात्रों पर घबराहट और पैनिक स्थिति प्रभावी नहीं होने देगा। परामर्श के दौरान कई तरह की तकनीक का भी इस्तेमाल किया जाएगा। परीक्षा की रणनीति को समझने के लिए व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रोफेसर-स्टाफ को मिली सतर्कता पारदर्शिता की सीख आईआईटी बीएचयू में शुक्रवार को प्रोफेसरों और कर्मचारियों को सतर्कता, पारदर्शिता और निष्ठा की भावना की सीख दी गई। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर शुक्रवार को एबीएलटी-4 में ये कार्यक्रम हुआ। निवारक सतर्कता अभियान के तहत बनारस रेल इंजन कारखाना के मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चंद्रा ने कहा सतर्कता केवल नियंत्रण का माध्यम नहीं, बल्कि सुशासन और संस्थागत प्रगति की नींव है। हर कर्मचारी यदि अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाए, तो भ्रष्टाचार खुद ही समाप्त हो सकता है। संयुक्त कुलसचिव डॉ. सर्वेश कुमार तिवारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम संस्थान के प्रशासनिक तंत्र को और अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाते हैं। कुलसचिव सुमित कुमार बिस्वास ने कहा कि सतर्कता का अर्थ केवल निगरानी नहीं, बल्कि स्वयं के आचरण में नैतिकता लाना है।

## बंदनवार, लटकन और रंगोली से सजेगा घर...14,000 रुपये की तोरण

दिवाली से पहले घर को सजाने के लिए बाजार में विभिन्न तरह के सामान हैं। 300 रुपये से लेकर 14000 तक में तोरण और सजावटी सामान मिल रहा है। पांच दिवसीय दीपोत्सव के लिए घरों की साफ-सफाई हो चुकी है और सजावट को फाइनल लुक दिया जा रहा है। घरों को आकर्षक ढंग से सजाने के लिए बाजार में उपहारों की विशाल रेंज मौजूद है जिसमें तोरण, रंगोली, लटकन, झूमर, दीया स्टैंड और उरली आदि हैं जो के प्रवेश द्वार पर सजाए जाने वाले गणेश फूल-पत्ती, मोती और नगों श्याम के चिह्नों वाले बंदनवार बंदनवार की शुरुआती कीमत 300 संचालक मोहित परमार ने बताया आई आदि के काम से तैयार किए नजर में ही पसंद आ रहे हैं। इनकी



आपके घर को एस्थेटिक लुक देगाघर तोरण (बंदनवार) में इस बार लक्ष्मी-से आगे बढ़कर एविल आई और खाटू लोगों को खूब लुभा रहे हैं। साधारण रुपये है।संजय प्लेस स्थित दुकान कि फूल-पत्तियों और मोती, एविल गए खूबसूरत बंदनवार लोगों पहली कीमत 2500 रुपये से 8000 रुपये के मध्य है। पहली बार लकड़ी पर तैयार किए गए खाटू श्याम के चिह्न वाला धनुष आकार का तोरण भी बाजार में है। इसकी कीमत 8000 से 14000 के बीच है।कमरे को जगमग करेगी उरली और कैंडल स्टैंड अगर आपको अपने घर के कमरों को झिलमिल दीपों के साथ सजाना अच्छा लगता है तो कैंडल स्टैंड और उरली सेट आपके लिए आदर्श साबित हो सकते हैं। इनमें विभिन्न आकार और प्रकार के सेट बाजार में उपलब्ध हैं। इन्हें चाहें तो रंगोली पर सजाएं या रंगोली की तरह। टेबल और कॉर्नर पर भी ये आकर्षक रूप देते हैं। इनकी कीमत डिजाइन के अनुसार 2000 से 5000 के बीच है। भावना टावर स्थित व्यवसायी प्रीति रघुवंशी ने बताया कि सही तरीके से रखे जाएं तो ये उरली स्टैंड वर्षों साल चलते हैं। रेडीमेड रंगोली से करें लक्ष्मी का स्वागत- दिवाली पर घर के प्रवेश द्वार पर रंगोली सजाने की परंपरा है। अगर आप रंगोली नहीं बना पाते हैं या फिर आपको सूखे रंगों से बनाई गई रंगोली के बिगड़ने का डर सताता है तो इसके लिए बाजार में ढेरों विकल्प हैं। आप चाहें तो रंगोली मैट ले आएं या फिर एक्रेलिक, एमडीएफ बोर्ड पर बनी पोर्टेबल रंगोली। इसके अलावा रंगोली के सांचे, स्टैंसिल और कॉर्नर भी मार्केट में उपलब्ध हैं। इन्हें आप अपनी पसंद और जगह के अनुसार खरीद सकते हैं। कमला नगर स्थित कुनाल स्टोर के संचालक अशोक हूडा बताते हैं कि इनकी कीमत 200 से 2000 के बीच है। डिजाइनर मिट्टी के दीये- दीयों के बिना दिवाली पर्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पूजा के लिए मिट्टी के डिजाइनर दीये लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। इनमें एक ही स्टैंड में मल्टीपल दीयों के साथ हैंडल वाले दीये खूब पसंद किए जा रहे हैं। कुछ स्थानों पर मोमबत्ती के साथ दीये तैयार किए गए हैं। वहीं अलग-अलग शेप की बोतल और गिलास में रंग-बिरंगी, खुशबू वाली जेल कैंडल भी डिमांड में है।

# दिवाली से पहले कछुओं पर खतरा...चंबल सेंक्चुअरी में अलर्ट, निगरानी के लिए लगाई गईं मोटरबोट

धनतेरस से दिवाली तक चंबल सेंक्चुअरी में कछुओं की सुरक्षा के लिए सतर्कता कर दी गई है। मोटरबोट से नदी में गश्त की जा रही है। आगरा के बाह से गुजर रही चंबल नदी में कछुओं की 8 दुर्लभ प्रजातियों का संरक्षण हो रहा है। इनमें कठोर कवच वाली ढोर, साल, पचेड़ा, काली ढोर और नरम कवच वाली स्योत्तर, कटहवा, सुंदरी, मोरपंखी प्रजातियां शामिल हैं।बाह के रेंजर कुलदीप सहाय पंकज ने बताया कि कठोर कवच वाले कछुओं का बाहरी कवच कठोर सुरक्षा या ढाल का काम करता है। ये कछुए शाकाहारी होते हैं को साफ करते है। जबकि नरम कवच वाले कछुओं का बाहरी मुख्यत: मांसाहारी होते है। चंबल के मरे और सड़े गले जीव विष्णु के अवतार होने की धार्मिक मान्यता है। अंधविश्वासी में नाखून और कवच इस्तेमाल करने के लिए सुंदरी प्रजाति के जागरूक किया गया है कि कछुए चंबल नदी को साफ करते हैं, बताया कि तटवर्तीय ग्रामीणों को 60 वन समितियों के माध्यम लिए जागरूक किया गया है। मोटरबोट के जरिए चंबल नदी में



होता है। यह अस्थियों का बना होता है। कवच कछुओं के लिए और चंबल की सड़ी गली वनस्पतियों को खाकर नदी के पानी कवच मुलायम होता है। यह मांसपेशियों से बना होता है। ये जंतुओं को खाकर पानी को स्वच्छ रखते है। कछुए के भगवान लोग धनतेरस से लेकर दिवाली तक संपन्नता के लिए तंत्र मंत्र कछुओं की तस्करी करते हैं।रेंजर ने बताया कि जन सामान्य को अंधविश्वास के चक्कर में कछुओं की तस्करी से बचें। उन्होंने से संदिग्ध लोगों के दिखने पर वन विभाग को सूचना देने के नियमित रूप से पेट्रोलिंग की जा रही है। कछुओं के संरक्षण पर 15 साल से काम कर रहे टीएसए (टर्टल सर्वाइवल एलायंस) के प्रोजेक्ट ऑफीसर पवन पारीक ने बताया कि सुंदरी प्रजाति के कछुआ का नाम फ्लैप शेल कछुआ है। इसका वैज्ञानिक नाम लिस्सेमिस पंक्टाटा है। सड़े-गले और अवशिष्ट पत्तियां, कीड़े-मकोड़े और जलीय पौधे इनका भोजन होते हैं। स्वच्छता में मददगार होते हैं। हमले का खतरा बढ़ने पर खुद को कवच में भींचकर रक्षा करता है। कवच, नाखून और मांस के लिए इनकी तस्करी का खतरा रहता है। शांति, तरक्की और संपन्नता के लिए तिलकधारी कछुए की तस्करी- चाइनीज मिथक है कि तिलकधारी कछुए को पालने से घर में शांति, व्यापार में वृद्धि और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। यही वजह है कि चीन, हांगकांग, थाईलैंड, मलेशिया, पाकिस्तान, सिंगापुर, श्रीलंका में लोग इन्हें खरीदते हैं। दुनिया में लुप्त हुए बटागुर कछुए की तिलकधारी प्रजाति (साल प्रजाति) सिर्फ चंबल नदी में बची है। इनका वैज्ञानिक नाम बटागुर कचुगा (रेड क्राउन रूफ्ड टर्टल) है। प्रजनन सीजन (मार्च-मई) में साल प्रजाति के नर कछुए रंग बदलते हैं। 15 साल से कछुओं के संरक्षण पर काम कर रहे टर्टल सर्वाइवल एलायंस (टीएसए) के प्रोजेक्ट ऑफीसर पवन पारीक ने बताया कि नर कछुए का सिर का रंग लाल, नीला, पीला, सफेद हो जाता है। बटागुर कछुए की 98 फीसदी ढोर प्रजाति चंबल में है। करीब 2 प्रतिशत आबादी गंगा और यमुना में मिलती है। बटागुर कछुए की करीब 500 मादाएं प्रजनन कर रही हैं। जागरुकता से बदली सूरत, बडी आबादी-बाढ़, नदी किनारे पर कछवारी, चोरी छिपे होने वाले खनन और मछली पकड़ने को डाले गए जाल में फंसकर होने वाली मौत से कछुओं की आबादी तेजी से घटी थी। वन विभाग के साथ टीएसए के जागरुकता अभियान से सूरते हाल बदले हैं। नेस्टिंग से लेकर हैचिंग सीजन तक अंडों की रखवाली से भी प्रजनन का ग्राफ बढ़ा है, कुनबा भी। मांस और शक्तिवर्धक दवाओं के लिए होती है तस्करी- मांस और शक्तिवर्धक दवाओं के लिए बिहार, बंगाल के रास्ते विदेशों तक तस्करी कर कछुओं को खपाया जाता है। चंबल से वाया कानपुर होने वाली तस्करी को इटावा में पिछले 4 वर्षों में पकड़े जाने से काफी हद तक अंकुश लगा है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991


## संक्षिप्त समाचार

### ससुराल नहीं यातनागृह: दिव्यांग बहू को इस कदर पीटा, टूट गई गर्दन की हड्डी; पुलिस ने दर्ज किया केस

आगरा में दिव्यांग विवाहिता के लिए ससुराल यातनागृह बन गई। उसे ससुराल वालों ने इस कदर पीटा कि उसकी गर्दन की हड्डी तक टूट गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। आगरा के ताजगंज थाना क्षेत्र में दिव्यांग महिला के साथ पति व ससुरालियों ने मारपीट की। पीड़िता की गर्दन की हड्डी टूट गई। इसके बाद थाने में शिकायत करने पर जान मारने की धमकी दी। पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।टुंडपुरा ताजगंज निवासी फूलवती ने केस दर्ज कराते हुए बताया कि वह एक निजी अस्पताल में नौकरी कर अपने बच्चों का पालन पोषण करती हैं। इसके बाद भी पति और अन्य ससुराल वाले सैलरी से मिले रुपयों की मांग करते हैं। विरोध करने पर पति धर्मवीर, सास सुनीता, ससुर चंदन व अन्य ने मारपीट की। सास और देवर ने हाथ पकड़ लिए और पति धर्मवीर ने गर्दन दबा दी जिससे उनकी गर्दन की हड्डी टूट गई।

### बटेश्वर मेला आज से, पर्यटन मंत्री करेंगे शुभारंभ; दीपोत्सव से जगमगाएंगे मंदिर और घाट

बटेश्वर मेले का शुभारंभ प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। इस भव्य मेले की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उद्घाटन समारोह के बाद शिव मंदिर श्रृंखला के घाट पर अयोध्या में रामलला के नए मंदिर में विराजमान होने के उपलक्ष्य में दीपोत्सव का



आयोजन होगा। उत्तर भारत के प्रमुख बटेश्वर मेले का शनिवार की शाम पांच बजे प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह के बाद शिव मंदिर श्रृंखला के घाट पर अयोध्या में रामलला के नए मंदिर में विराजमान होने के उपलक्ष्य में दीपोत्सव का आयोजन होगा। घाट और मंदिर दीयों की रोशनी में जगमगाएंगे।जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी उमेश चंद ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया की अध्यक्षता में होने वाले उद्घाटन समारोह में पूर्व कैबिनेट मंत्री अरिदमन सिंह, रामसकल गुर्जर, सांसद राजकुमार चाहर, विधायक पक्षालिका सिंह, जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे।मेला के उद्घाटन को लेकर बटेश्वर में दिन भर तैयारियां चलीं। बटेश्वर के प्रवेश द्वार को सजाया गया है। मंदिर श्रृंखला के पास सांस्कृतिक मंच तैयार किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया ने बताया कि प्रसिद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक मेले को भव्य एवं दिव्य बनाए जाने का प्रयास है।

### शिक्षक की गंदी करतूत...ट्यूशन पढ़ने आई छात्रा से किया गंदा काम, कोर्ट ने सुनाई 20 साल की सजा

आगरा में एक शिक्षक ने ट्यूशन पढ़ने वाली छात्रा से दुष्कर्म किया। मामले में अदालत ने शिक्षक को दोषी ठहराते हुए से 20 साल का कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।आगरा में ट्यूशन पढ़ने वाली छात्रा से दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में अदालत ने न्यू आगरा थाना क्षेत्र के सरन नगर निवासी शिक्षक ईसराज उर्फ ईसूखान को दोषी माना। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कुंदन किशोर सिंह ने उसे 20 साल का कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। थाना न्यू आगरा में दर्ज केस के अनुसार, छात्रा की मां ने तहरीर दी थी। पुलिस को बताया कि आरोपी ईसराज उर्फ ईसूखान उनकी 13 वर्षीय पुत्री को ट्यूशन पढ़ाता था। आरोपी ने 27 मई 2020 को दोपहर में किताब देने के बहाने उनकी पुत्री को लाइब्रेरी में बुलाया। पुत्री की गर्दन पर चाकू रख धमकाया और दुष्कर्म किया। वीडियो भी बना लिया। किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। ब्लैकमेल कर 1 जून 2020 को फिर लाइब्रेरी में बुलाया और दुष्कर्म किया। इसके बाद बुलाने पर पुत्री नहीं गई तो 8 जून 2020 को बाजार से लौटते समय पुत्री को सड़क पर पकड़ लिया और धमकी दी थी। दहेज उत्पीड़न में पति को 2 साल का कारावासदहेज उत्पीड़न व अन्य आरोपों में अदालत ने सदर थाना क्षेत्र के अशोका स्टेट कॉलोनी निवासी पति हेमंत चाहर को दोषी माना। एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट-1 यशवंत कुमार सरोज ने उसे 2 साल का कारावास और 7000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं आरोपी सास मंजू चाहर, ससुर राधेश्याम और देवर प्रवीन चाहर को साक्ष्य के अभाव में बरी करने के आदेश दिए। न्यू आगरा थाने में दर्ज केस के अनुसार भोपाल सिंह ने तहरीर दी थी। 12 जून 2015 को अपनी पुत्री की शादी हेमंत चाहर के साथ की थी।

# ए के. इंटर कॉलेज में दीपावली पर्व पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन




♦ यूरिया के एके इंटर कालेज मे रंगोली प्रतियोगिता मे भाग लेती बच्ची

क्यूँ न लिखूँ सच / ए.के. इंटर कॉलेज में शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने पारंपरिक रंगोली और दीये सजाकर अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रंग-बिरंगी रंगोलियों से माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप निरीक्षक आन्नू मैडम ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति से जोड़ते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कक्षा 5 की शगुफी ग्रुप को मिला, जबकि द्वितीय पुरस्कार उजाइफा ग्रुप और तृतीय पुरस्कार किंजल ग्रुप को प्रदान किया गया। बालक वर्ग में हार्दिक ग्रुप को पुरस्कार दिया गया। प्रबंधक हाजी मोहम्मद इरफान खान ने बताया कि पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि उप निरीक्षक आन्नू मैडम व प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने विजेताओं को ट्रॉफी और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा दीये बनाने में भाग लेने वाले 80 बच्चों को मेडल भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## सभी शैक्षणिक संस्थानों के परिसर में व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक, हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार को दिया निर्देश

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों के खेल मैदान और अचल संपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगा दी है। ऐसे में वहां प्रदर्शनी, व्यापार मेले का आयोजन नहीं किया जा सकेगा।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों के खेल मैदान और अचल संपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगा दी है। ऐसे में वहां प्रदर्शनी, व्यापार मेले का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। कोर्ट ने सरकार को इस संबंध में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और सभी शैक्षणिक संस्थानों को एक माह के अंदर परिपत्र जारी करने का निर्देश दिया है।यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने गिरजा शंकर की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। हमीरपुर निवासी गिरजा शंकर ने राठ स्थित ब्रह्मानंद डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित किए जा रहे एक व्यावसायिक मेले को रोकने की मांग कर जनहित याचिका दाखिल की थी।उनका कहना था कि शैक्षणिक संस्थान शिक्षा प्रदान करने के लिए है। यहां पर व्यावसायिक गतिविधियां नहीं की जानी चाहिए। हाईकोर्ट के 2020 में पारित एक फैसले का भी हवाला दिया गया जिसमें न्यायालय ने राज्य सरकार को सभी डीएम को शैक्षणिक संस्थानों की संपत्तियों का व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने का निर्देश दिया था। प्रतिवादियों ने कहा कि मेला समाप्त हो गया है। इसलिए अब यह याचिका अर्थहीन हो चुकी है। कोर्ट ने याचिका को अर्थहीन नहीं माना। क्योंकि, इसमें शामिल मुख्य मुद्दा महत्वपूर्ण सार्वजनिक महत्व का है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक संस्थान केवल शिक्षा प्रदान करने के लिए हैं। वहां शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी चाहिए। कोर्ट ने उप-जिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम), राठ, हमीरपुर की ओर से दिए गए स्पष्टीकरण को पूरी तरह से बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें परिसर का उपयोग अन्य गतिविधियों के लिए करने की रोक के बारे में जानकारी नहीं थी। आदेश की कॉपी मुख्य सचिव को भेजें हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया कि वे आदेश की एक प्रति एक सप्ताह के भीतर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को भेजें। साथ ही न्यायालय ने निर्देश दिया कि ब्रह्मानंद डिग्री कॉलेज के खेल के मैदान को अब किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के लिए उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# बांकेबिहारी मंदिर का खुला खजाना..चांदी का छत्र, गहनों के दो संदूक, ताशखाने से निकला ये सामान

वृंदावन के ठाकुर श्रीबांकेबिहारी महाराज के मंदिर के तोशखाने (खजाना) को शनिवार को टीम ने खोला। इस दौरान टीम को खजाने में काला सांप दिखा। वन विभाग की टीम को बुलाया गया। इसके बाद खजाने से सामान निकालना शुरू हुआ।वृंदावन के ठाकुर श्रीबांकेबिहारी जी महाराज के मंदिर में पिछले 54 वर्षों से बंद पड़े तोशखाने (खजाना) का रहस्य वर्षों से गहराया हुआ है। सेवायतों और भक्तों की वर्तमान पीढ़ी के तमाम आग्रह एवं अदालत के प्रयासों के बावजूद खजाना नहीं खोला जा सका है, लेकिन अब हाई पावर्ड मंदिर प्रबंधन कमेटी के आदेश पर धनतेरस पर शनिवार को ये खजाना खोला गया। वहीं, टीम का विरोध करते हुए गोस्वामियों ने हंगामा किया। गोस्वामी मांग कर रहे थे कि ताशखाने के अंदर जो भी प्रक्रिया की जा रही है, उसे मंदिर के बाहर स्क्रीन लगाकर लाइव किया जाए। खजाने से निकाला ये सामान- वृंदावन के बांकेबिहारी मंदिर का शनिवार को खजाना खुला। इसमें से अब तक एक लकड़ी का संदूक, टूटे कुंडे, तीन देग, तीन बड़े कलश, एक परात, 4 बड़े पत्थर गोलाकार, एक तख्त बड़ा लकड़ी का मिला। वहीं संदूक में दो बक्से गहने रखने वाले, 2 फरवरी 1970 का पत्र, एक चांदी का छोटा सा छत्र मिला है।जानकारी के अनुसार तोशखाने में प्रवेश करने के लिए पहुंची टीम को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खजाना 54 वर्षों से बंद पड़ा था, ऐसे में अंदर क्या है इस बारे में किसी को भी जानकारी नहीं थी। जब खजाने का दरवाजा खोला गया तो धूल और गंदगी के साथ गैस भी बन गई थी। ऐसे में टीम को काफी सावधानी के साथ अंदर प्रवेश करना पड़ा। फांवड़ा चलाकर मिट्टी को हटाया गया। इसी दौरान काला सांप निकल आया, जिससे कार्य कुछ देर के लिए प्रभावित हुआ। सांप के डर की वजह से टीम वहां से भाग खड़ी हुई। वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने सांप को खजाने के अंदर से रेस्क्यू किया। इसके बाद टीम फिर से खजाने के अंदर घुसी। सामान निकालने का कार्य शुरू किया गया। अंतिम बार 1971 में खोला गया तोशखाना- इतिहासकार के अनुसार वर्ष 1971 में तत्कालीन मंदिर प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष प्यारेलाल गोयल के नेतृत्व में अंतिम बार तोशखाना खोला गया था। ऐसे में कुछ सामान एक सूची बनाकर संपूर्ण सामान को एक बक्से में सील सहित बंद कर मथुरा की भूतेश्वर स्थित स्टेट बैंक में जमा कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि मौजूदा मंदिर के निर्माण के वक्त इसमें पूजित करके खजाना स्थापित किया गया था। उसके बाद ठाकुरजी पर चढ़ाए गए पन्ना निर्मित मयूराकृति हार सहित अनेक आभूषण, चांदी, सोने के सिक्के, भरतपुर, करौली, ग्वालियर आदि रियासतों द्वारा प्रदत्त दान-सेवा पत्र भी रखे गए थे। श्रीबिहारीजी के दाहिने हाथ की ओर बने दरवाजे से करीब दर्जनभर सीढ़ी उतरने के बाद बायें ओर की तरफ ठाकुरजी के सिंहासन के एकदम बीचों बीच तोशखाना स्थापित है। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान 1926 और 1936 में दो बार चोरी भी हुई थी। इन चोरियों की घटनाओं की रिपोर्ट के चलते 4 लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की गई थी। चोरी के बाद गोस्वामी समाज ने तहखाने का मुख्य द्वार बंद करके सामान डालने के लिए एक छोटा सा मोखा (मुहाना) बना दिया था। वर्ष 1971 अदालत के आदेश पर खजाने के दरवाजे के ताले पर सील लगा दी गई थी। वर्ष 2002 में मंदिर के तत्कालीन रिसीवर वीरेंद्र कुमार त्यागी को कई सेवायतों ने हस्ताक्षरित ज्ञापन देकर तोशखाना खोलने का आग्रह किया था। वर्ष 2004 में मंदिर प्रशासन ने गोस्वामीगणों को निवेदन पर पुन: तोशखाना खोलने के कानूनी प्रयास किए थे, लेकिन वह भी असफल रहे।



# बच्चा चोरी के शक में युवकों को पीटा, एक युवक की आंख में चोट, जांच में आया यह सामने

अस्पताल में डिलीवरी के लिए महिला को भर्ती किया गया। वहां पर दो युवकों को बच्चा चोरी के शक में महिला के परिजनों ने डंडे, चप्पलों व लात-घूसों से पीट दिया। जिससे एक युवक की आंख में गंभीर चोट आई है। अस्पताल में बच्चा चोरी करने के शक में भर्ती महिला के परिजनों ने दो युवकों को पीट दिया। जिससे एक युवक की आंख में चोट आई है। युवकों का वीडियो सामने आया है। अलीगढ़ के क्वार्सी थाना अंतर्गत सूर्य विहार में एक अस्पताल में डिलीवरी के लिए महिला को भर्ती किया गया। वहां पर दो युवकों को बच्चा चोरी के शक में महिला के परिजनों ने डंडे, चप्पलों व लात-घूसों से पीट दिया। जिससे एक युवक की आंख में गंभीर चोट आई है। बताया जा रहा है कि उधारी का तगादा करने पहुंचे युवकों को बच्चा चोरी के शक में पीट दिया। युवकों के पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर आ गया। एक्स पर ट्वि‍ट करते हुए अलीगढ़ पुलिस ने कहा कि दो पक्षों के मध्य पूर्व के रुपयों को लेकर विवाद हुआ है, जिसमें वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है । जांच करने पर बच्चा चोरी करने संबंधी तथ्य प्रकाश में नहीं आया है। मौके पर शांति है ।



# चचेरे भाइयों ने लाठी-डंडे से पीट-पीटकर भाई को मार डाला, खेत जोताई को लेकर हुई थी कहासुनी

अयोध्या में चचेरे भाइयों ने लाठी-डंडे से पीट-पीटकर भाई को मार डाला। सुबह खेत जोताई को लेकर कहासुनी हुई थी। रात को आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यूपी के अयोध्या में खेत जोताई को लेकर हुए विवाद में शुक्रवार की रात चचेरे भाइयों ने पीट-पीटकर युवक की हत्या कर दी। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है।घटना खंडासा थाना क्षेत्र के कृष्णानंद पांडेय का पुरवा मजरे डीली सरैया गांव की है। यहां के निवासी सचिन पांडेय (30) की हत्या हुई है। बताया गया कि सचिन, सोहावल क्षेत्र में निजी क्लीनिक चलाते थे। शुक्रवार सुबह खेत जोताई को लेकर उनका सगे चाचा के बेटों और चाची से विवाद हो गया। विवाद के बाद वह क्लीनिक चले गए। वहां से रात को वापस घर पहुंचे थे। घर से लघुशंका करने के लिए बाहर निकले थे। इसी समय अचानक चचेरे भाइयों ने लाठी-डंडे से उन पर हमला कर दिया। पिटाई में उनके सिर पर गंभीर चोटें आ गईं। पत्नी ने ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन उन्हें एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहां स्थिति में सुधार न होने पर चिकित्सक ने उन्हें लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में हो गई मौत- घरवाले उन्हें लेकर लखनऊ जा रहे थे। लेकिन, अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना से पत्नी और पारिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि 2021 में सचिन की शादी हुई थी। अभी कोई संतान नहीं थी। पिता और भाई लुधियाना में प्राइवेट नौकरी करते हैं। खबर मिलने पर घर आ रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।



## संक्षिप्त समाचार

### छात्राओं ने दीयों से लिखा हेल्पलाइन नंबर और सशक्तीकरण का संदेश, KGBV में मिशन शक्ति के तहत नई पहल

प्रदेशभर के केजीबीवी में मिशन शक्ति के तहत दिवाली में नई पहल की गई है। छात्राओं व शिक्षिकाओं ने रंगोली बनाई। दीयों से हेल्पलाइन नंबर लिखा और सशक्तीकरण का संदेश दिया। उत्तर प्रदेश में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाया जा रहा मिशन शक्ति अभियान दीपावली के अवसर पर नई ऊर्जा से दमक उठा। 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में दीपावली कुछ अलग तरह से मनाई गई। इसके तहत छात्राओं ने दीयों व रंगोली से 1090, 1098, 112 जैसे प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों को सजाया। ताकि, सुरक्षा और सहायता के ये संदेश हर बालिका तक पहुंच सकें।इसके साथ ही विद्यालय परिसर में रंगोली से नारी सशक्तीकरण के प्रेरक स्लोगन भी लिखे। इसी क्रम में कई केजीबीवी में कैंडल मार्च कर बालिकाओं ने मिशन शक्ति से जुड़े संदेशों की तख्तियों से नारी सशक्तीकरण का संकल्प दोहराया। एक अन्य कार्यक्रम में लैंप और हाथ से बनी सजावटी वस्तुओं को बनाकर बेटियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।बेटियां शिक्षित और सुरक्षित होंगी, तो प्रदेश आत्मनिर्भर और सशक्त बनेगा बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि केजीबीवी में दीपों से सजे ये संदेश केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज में चेतना, आत्मविश्वास और बदलाव की लौ हैं। जब बेटियां शिक्षित और सुरक्षित होंगी, तभी उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर और सशक्त बनेगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि मिशन शक्ति की यह पहल विद्यालयों में शिक्षा के साथ संवेदना और सुरक्षा की संस्कृति स्थापित करने वाली रही।




### दिवाली पर बरतें सावधानी: पैसों के भूखे भेड़िये सेहत से कर रहे खिलवाड़, मिठाई से लेकर टोफू पनीर तक सब मिलावटी

दिवाली पर खाद्य पदार्थों की खरीदारी करते समय विशेष सावधानी बरतें। कुछ पैसों के भूखे भेड़िये लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। मिठाई से लेकर टोफू के पनीर तक में मिलावट करके बेच रहे हैं। राजधानी लखनऊ में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत खाद्य विभाग की टीम ने 1600 किलो सूजी बर्फी, हलवा और 135 किलो टोफू का पनीर नष्ट कराया है। इस खराब बर्फी व टोफू पनीर को बाजार में खपाया जाना था।सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय विजय प्रताप सिंह ने बताया कि आर्यांश गृह उद्योग सरोसा भरोसा लखनऊ में अधोमानक 1600 किलो सूजी की बर्फी व हलवा पाया गया। इसकी अनुमानित कीमत 1.76 लाख रुपये बताई गई। वहीं, नारायण फूड प्रोडक्टस वृन्दावन कालोनी में मानक न पूरा होने पर खराब क्वालिटी का 135 किलो टोफू का पनीर भी नष्ट कराया गया। इसकी कीमत 17420 रुपये बताई गई। इसके अलावा मिलावटी पदार्थों के सैंपल भी लिए गए। इसमें पनीर पाल दूध डेयरी मोहनलालगंज से पनीर और घी के सैंपल लिए गए। इसके अलावा यादव दूध डेयरी मोहनलालगंज से भी घी के नमूने लिए गए। खाद्य टीम ने विभिन्न दुकानों से कुल आठ सैंपल लिए। इनकी रिपोर्ट आने पर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।




KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## इलाहाबाद हाईकोर्ट से दो दोषसिद्ध अभियुक्तों को राहत, 5 साल की सजा पर मिली जमानत

क्यूँ न लिखूँ सच / नीरज कुमार/ इलाहाबाद। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जनपद जालौन के थाना रेंढर क्षेत्र से जुड़े एक आपराधिक मामले में दोषसिद्ध दो अभियुक्तों को बड़ी राहत दी है। न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा की एकलपीठ ने विशेष केस संख्या 53/2018 में अभियुक्त अरविंद कुशवाहा और नीलेश धीमर को उनकी अपील लंबित रहने तक जमानत पर रिहा करने का आदेश पारित किया। मामला थाना रेंढर, जनपद जालौन का है, जिसमें ट्रायल कोर्ट ने 30 जुलाई 2024 को दोनों अभियुक्तों को भारतीय दंड संहिता की धारा 452 (गृह-अतिक्रमण), 354 (महिला से छेड़छाड़), 506 (आपराधिक धमकी), 509 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले शब्द/कृत्य) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत दोषी करार देते हुए 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई थी। दोनों अभियुक्तों ने इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी। अपील की सुनवाई के दौरान अभियुक्तों की ओर से अधिवक्ता मंजुलेश कुमार शुक्ला और योगेश दत्ता मिश्रा ने पैरवी की। उन्होंने अदालत के समक्ष तर्क रखा कि अभियुक्त ट्रायल की पूरी अवधि में जमानत पर रहे और उन्होंने कभी भी किसी शर्त का उल्लंघन नहीं किया। साथ ही यह भी कहा गया कि अपील निस्तारण में समय लग सकता है, ऐसे में अभियुक्तों को जमानत पर रिहा किया जाना न्यायोचित होगा न्यायालय ने सभी परिस्थितियों पर विचार करते हुए, बिना मामले के गुण-दोष पर टिप्पणी किए, दोनों अभियुक्तों को जमानत देने का आदेश दिया। आदेश के अनुसार, प्रत्येक अभियुक्त को एक व्यक्तिगत बंधपत्र और दो-दो जमानतदार प्रस्तुत करने होंगे। इस आदेश से अभियुक्त पक्ष में राहत की लहर दौड़ गई है, वहीं उनके परिजन और समर्थक न्यायालय के फैसले से संतोष व्यक्त कर रहे हैं।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया जिला कारागार उरई का निरीक्षण, बन्दियों की समस्याओं के समाधान हेतु दिये दिशा-निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच / नीरज कुमार/ उरई,,उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालौन श्रीमती पारुल पँवार ने दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को जिला कारागार उरई का साप्ताहिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण करते हुए बन्दियों से उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री नीरज देव, कारापाल श्री प्रदीप कुमार, उपकारापाल श्री अमर सिंह, श्री रामलखन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक श्री शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सचिव श्रीमती पँवार ने विशेष रूप से उन बन्दियों की जानकारी ली जिनकी जमानत सक्षम न्यायालय से हो चुकी है, किन्तु जमानतगीर न होने के कारण वे रिहा नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने जेल प्रशासन को ऐसे बन्दियों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय को भेजने के निर्देश दिये ताकि उनकी शीघ्र रिहाई हेतु आवश्यक पैरवी की जा सके। आर्थिक रूप से कमजोर बन्दियों की जमानत राज्य की ओर से जिला अधिकार प्राप्त समिति के माध्यम से कराने के निर्देश भी दिये गये। उन्होंने कारागार चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली तथा महिला बन्दियों और उनके साथ रह रहे बच्चों के खान-पान, चिकित्सा और सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। श्रीमती पँवार ने यह भी निर्देशित किया कि जिन विचाराधीन बन्दियों के पास निजी अधिवक्ता नहीं हैं, उन्हें विधिक सहायता उपलब्ध करायी जाये। आवश्यकता पड़ने पर उनके लिए न्यायालय से एमाइकस क्यूरी (न्यायमित्र) नियुक्त करायी जाये। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोषसिद्ध बन्दियों की अपील नियमानुसार समय रहते करायी जाये ताकि अपील की मियाद समाप्त न हो। यदि किसी स्तर पर विधिक समस्या उत्पन्न हो, तो उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाये। निरीक्षण का उद्देश्य बन्दियों को न्यायिक सहायता और मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराना रहा।



## संक्षिप्त समाचार


### दिवाली से पहले जहरीली हुई हवा, एक्यूआई 300 पार...अभी और गंभीर श्रेणी में पहुंचने की आशंका

दिवाली से पहले ही आगरा की हवा जहरीली हो गई है। एक्यूआई 300 पार पहुंच गया है। हवा की गुणवत्ता अभी और %गंभीर% श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। तापमान में गिरावट से दिवाली से पहले ही शहर की हवा खतरनाक हो गई है। शुक्रवार को संजय प्लेस का अधिकतम एक्यूआई 309, रोहता में 299, आवास विकास में 300 के करीब पहुंचा, जो बेहद खतरनाक स्थिति है। वहीं, शहर के अंदर व बाहरी क्षेत्रों में अवैध रूप से बन रहे डलावघरों में सुलगते कचरे के ढेर से उठता धुआं हवा की गुणवत्ता को और खराब कर रहा है।जिला प्रशासन ने हवा के बिगड़ते स्तर को नियंत्रित करने के लिए शहर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू कर दिया है। इसके तहत सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के साथ ही पानी का छिड़काव और निर्माण कार्यों को ढककर करने के लिए कहा गया है। डीएम की ओर से सभी संबंधित विभागों को ग्रैप के तहत कदम उठाने को कहा गया है। हालांकि, विभागों की उदासीनता से शहर की हवा और खराब होती जा रही है। शहर के अवधपुरी, ट्रांसपोर्ट नगर, दौरेठा जैसे क्षेत्रों में कचरे के बड़े-बड़े कूड़े के पहाड़ तैयार हो रहे हैं। नगर निगम की डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाली स्वच्छता कारपोरेशन नाकाम साबित हो रही है। निगम के बार बार के कहने के बाद भी उसने खानापूर्ति के लिए कुछ कर्मी और गाड़ियां बढ़ाईं लेकिन वह भी नाकाफी साबित हो रही हैं। निजी सफाईकर्मी घरों से कूड़ा तो ले रहे हैं, लेकिन वह नालियों के किनारे या अवैध डलावघरों में कचरा फेंक रहे हैं। कूड़े के ढेर सुलगने से शहर की हवा प्रदूषित हो रही है। निगम के सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने शहर में एक भी डलावघर न होने की बात कही। साथ ही कहा कि सफाईकर्मियों की टीमें लगातार कचरे को इकट्ठा कर निस्तारण के लिए प्लांट भेज रही हैं। 20 के बाद फिर तापमान बढ़ने के आसार- लगातार गिरते न्यूनतम पारे के बीच दिवाली के बाद तापमान में बढ़ोतरी के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले सात दिन मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है। हालांकि, इसके साथ ही न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी की भी बात कही गई है। शुक्रवार को शहर में अधिकतम तापमान 33.8 और न्यूनतम तापमान 18.6 दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने फिलहाल सर्दी के मौसम का एलान नहीं किया है। हालांकि, लोगों ने रात में ठिठुरन से बचने के लिए हल्के कंबलों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। सांस लेने में हो रही तकलीफ- जलरीली होती हवा रात और सुबह के समय टहलने के लिए निकलने वालों के लिए ज्यादा नुकसान पहुंचा रही है। लोग स्वस्थ रहने के लिए टहलने निकल रहे हैं, लेकिन उसी समय सबसे खराब गुणवत्ता वाली हवा उनके स्वास्थ्य पर उलटा असर कर रही है। एसएन मेडिकल कॉलेज में अकेले शुक्रवार को ही दो दर्जन से ज्यादा मरीज सांस लेने में तकलीफ के पहुंचे। इसके अलावा आंखों में जलन और अस्थमा के मरीजों का भी अस्पताल पहुंचना जारी है। चिकित्सक खराब गुणवत्ता वाली हवा से बचने के लिए मास्क लगाने की सलाह दे रहे हैं।



## अंधेरे में डूबा पहाड़ी अंचल: दो दर्जन गांवों में नहीं पहुंची बिजली, सोलर लाइटें ठप – जंगली खतरे और अंधकार के बीच मनाएंगे आदिवासी दिवाली!

क्यूँ न लिखूँ सच / चांदनी बिहारपुर / सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र का पहाड़ी अंचल आज भी अंधेरे में डूबा हुआ है। आजादी के 78 साल बाद भी यहां के कई गांव बिजली की रोशनी से कोसों दूर हैं। महुली, कोल्हूआ, खोहीर, रामगढ़, बैजनपाठ, जूडवनीया, बसनरा, नवडीहा, कछिया, परसा, चोगा, लूल्ह, तेलाईपाठ, भून्डा, कछवारी, उमझर, रसौकी, खैरा, कैलाशनगर, छतरंग, बाक, असुरा सहित करीब दो दर्जन गांवों में अंधकार का साम्राज्य फैला हुआ है। कई वर्ष पहले इन गांवों में सोलर पावर प्लांट और होम लाइट सिस्टम लगाए गए थे ताकि ग्रामीणों को बिजली की सुविधा मिल सके। लेकिन आज 99 प्रतिशत सोलर होम लाइट सिस्टम बंद पड़े हैं। कहीं बैटरी और पावर बैंक खराब हैं, तो कहीं इनवर्टर और मदरबोर्ड जल चुके हैं। ग्रामीणों के मुताबिक केवल 6 से 7 सोलर पावर प्लांट ही किसी तरह काम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि क्रेडा विभाग की भारी लापरवाही के कारण यह हालात बने हैं। विभागीय कर्मचारी हर साल सर्वे का बहाना कर गांवों में आते हैं, लेकिन मरम्मत का कार्य अधूरा छोड़ चले जाते हैं। वहीं, विभागीय दफ्तरों और अधिकारियों के परिसरों में सोलर लाइटें जल रही हैं, लेकिन पहाड़ी अंचल के गरीब किसान और आदिवासी परिवार अंधेरे में हैं। यह पूरा इलाका गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के घने जंगलों से घिरा हुआ है। अंधेरे के कारण ग्रामीणों को रोजाना जंगली जानवरों का सामना करना पड़ता है। रात में हाथी, टाइगर भालू, सियार, और जहरीले कीड़े-मकोड़े गांवों में आ जाते हैं, जिससे लोग भयभीत रहते हैं। बच्चों की पढ़ाई भी पूरी तरह ठप है क्योंकि न तो लाइट है और न कोई वैकल्पिक व्यवस्था। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारें सिर्फ विकास और रोशनी की बातें करती हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि इन गांवों में आज भी दीपक और लालटेन की मद्धम लौ से जीवन चलता है। शहरों में जहां दिवाली के अवसर पर जगमग रोशनी से सड़कों और मकानों की रौनक बढ़ जाती है, वहीं बिहारपुर क्षेत्र के इन पहाड़ी गांवों में अंधेरे की चादर बिछी रहती है। इस वर्ष भी आदिवासी और पहाड़ी ग्रामीण दिवाली अंधेरे में मनाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र सोलर सिस्टम की मरम्मत और बिजली आपूर्ति की जाए, ताकि अगली दिवाली वे भी रोशनी के पर्व को सच्चे अर्थों में मना सकें।





### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिछोर में शुरू हुआ सर्वाइकल सर्लेज ऑपरेशन

## अब सामुदायिक स्तर पर भी उपलब्ध उन्नत प्रसूति सुविधा, शिवपुरी जिला बना उदाहरण

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी, ब्यूरो। जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिछोर में सर्वाइकल सर्लेज ऑपरेशन की सुविधा शुरू की गई है। इस पहल के साथ पिछोर मध्यप्रदेश का पहला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बन गया है, जहां यह जटिल एवं विशेषज्ञता वाली चिकित्सा प्रक्रिया अब स्थानीय स्तर पर भी उपलब्ध है। यह उपलब्धि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर के मार्गदर्शन में तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव साण्डे के सहयोग से स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. बृजेश शर्मा के द्वारा 15 अक्टूबर को संपन्न कराई गई। यह सफलता ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है। डॉ. बृजेश शर्मा ने बताया कि ग्राम सिलपुरा (विकासखण्ड खनियांधाना) की 22 वर्षीय आदिवासी गर्भवती महिला, जिसके पहले दो गर्भपात हो चुके थे, को जांच में पाया गया कि उसकी बच्चेदानी की ग्रीवा कमजोर है। ऐसे में गर्भ संरक्षण हेतु सर्वाइकल सर्लेज ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन 15 अक्टूबर को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ तथा महिला को 18 अक्टूबर को पूर्णतः स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया। महिला को अस्पताल द्वारा सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ और दवाएँ निशुल्क प्रदान की गईं। ऑपरेशन टीम में डॉ. वैभव गुप्ता (एनेस्थेटिक), राजो लोधी, दिव्यराज श्रीवास्तव, सपना वंशकार, सरोज वंशकार, शोएब मोहम्मद (लैब टेक्नीशियन) एवं राजेश भारती (ओटी अटेन्डर) का सराहनीय सहयोग रहा। यह उल्लेखनीय है कि अब तक इस प्रकार के ऑपरेशन केवल जिला चिकित्सालयों या मेडिकल कॉलेजों में ही किए जाते थे, किंतु अब यह सुविधा सामुदायिक स्तर पर भी उपलब्ध हो गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं को अब जिला मुख्यालय तक जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। इस उपलब्धि ने शिवपुरी जिले को राज्य में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी बना दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने इसे मातृ स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम बताया है।




## कासगंज में रफ्तार का कहर~ ट्रक ने कार को उड़ाया, चालक की मौके पर ही मौत; चार लोग हुए घायल

जयपुर से गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में चालक की मौत हो गई। वहीं कार सवार चार लोग घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।राजस्थान के जयपुर जिले से गंगा स्नान के लिए कछला घाट जा रहे श्रद्धालुओं की कार शनिवार की सुबह एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि चार श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसा सोरों कोतवाली क्षेत्र के तुमरिया गांव के पास हुआ। श्रद्धालु कार में सवार होकर गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। सुबह करीब साढ़े छह बजे रास्ते में सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और ट्रक भी सड़क किनारे पलट गया।हादसे में कार में सवार मनमोहन गुप्ता (58), उनकी पत्नी मंजू गुप्ता (55), गिर्राज गुप्ता (72), मंजू गुप्ता (71) और ड्राइवर हनुमान चौधरी (42) पुत्र बजरंग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सोरों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने हनुमान चौधरी को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को उपचार किया गया। उनकी हालत अब ठीक है। हादसे की सूचना मिलने पर सोरों कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई थी, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश ,
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छत्तीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991


# Air pollution is impairing newborns' brain development, a major research study reveals.





A recent study has highlighted a major concern for mothers and unborn children. According to the research, maternal exposure to polluted air, especially fine particles like PM2.5, during pregnancy can slow down the brain development of newborns. Air pollution during pregnancy can slow fetal brain development. Myelination is crucial for strengthening neural connections. PM2.5 contains harmful chemicals as well as essential elements. Have you ever considered that the air we breathe can also affect the brain of a baby growing in the womb? A recent study has revealed this shocking truth. In this research conducted in Spain, scientists found that if pregnant women are exposed to high levels of fine air pollutants, such as PM2.5, their babies' brain development may be slowed. What are PM2.5 particles? PM 2.5 particles are so small that they cannot be seen with the naked eye. They are about thirty times thinner than a human hair. These particles are produced by processes like vehicles, factories, and fuel combustion. They contain toxic chemical compounds, but interestingly, they also contain elements essential for brain development—such as iron, copper, and zinc. How do these particles affect brain development? Researchers reported that if a woman is exposed to these pollutant particles during pregnancy, a crucial process in the child's brain, called myelination, is affected. Myelination is the process in which the brain's nerves are covered with a layer called the myelin sheath. This layer increases the speed of transmission of messages between nerves, strengthening thinking and learning. However, if this process slows down, the child's brain development may also be slowed. How was the research conducted? For this study, researchers monitored pregnant women's exposure to air pollution and studied 132 newborns. After birth, these babies underwent MRI scans to measure the speed of myelination in their brains. The results were clear: babies whose mothers lived in highly polluted environments had slower myelination than normal. This suggests that exposure to air pollution during pregnancy may impact a child's brain maturation. Is this effect permanent? Scientists say it's not yet certain whether this slower brain development will have a lasting impact on a child's future abilities—such as learning, memory, or behavior. However, this study raises new alarms and opens the door for further research. What is important for pregnant women? According to experts, pollution protection is crucial during pregnancy. For this: Wear an N95 mask when going out. Avoid prolonged exposure to heavy traffic or industrial areas. Keep indoor air clean by planting plants and using air purifiers. Pay attention to the Air Quality Index (AQI) released by the Meteorological Department. This study makes us realize that air pollution not only causes respiratory and heart diseases, but can also affect the brain development of an unborn child. Therefore, clean air is not just a matter of the environment, but of the future of future generations.

# Let your partner know you care, making your long-distance relationship feel less distant.



In a long-distance relationship, it's crucial to show your partner you care, making them feel like they're an important part of your life. You can show them you care by having daily conversations, asking about small details of their day, sending surprises, or being an emotional support. Small gifts let your partner know you're always thinking about them. Celebrating their partner's successes, both big and small, is also the foundation of a strong relationship. Communicate openly with your partner and let them know you care. Long-distance relationships can be emotionally challenging because they lack the companionship of everyday relationships. However, when two people are truly connected, the distance is only physical, not physical. In such situations, expressing concern strengthens the foundation of the relationship. You can strengthen your relationship by sharing small things and feelings at the right time. Let's explore some amazing and effective ways to show your care to your long-distance partner. Communicate daily: Spend some time together on calls or video calls every day. This maintains connection in your relationship and makes you feel each other's presence. Share small updates throughout the day—share your daily experiences, work-related matters, moods, or interesting events to keep your conversation lively. Plan a surprise—sending a small gift, flowers, or their favorite snack without warning makes them feel like you're always thinking about them. Have virtual date nights—having dinner with your long-distance partner over a video call, watching a movie together, or playing an online game also helps bridge the distance. Provide emotional support—whenever your partner is stressed, listen carefully, understand, and fill them with positivity. Don't forget special dates - Celebrating special days with your partner, such as birthdays, anniversaries, or the day you first met, keeps the love and excitement alive in your relationship. Send short messages or notes - "Take care," "Missing you," "Missing your smile" are very effective for your partner even when they're far away. They bring a smile to their face. Be a trustworthy partner - Truthfulness, honesty, and trustworthiness can reassure them that you're close even when you're far away. Share plans - Making future plans with your partner while they're away gives them a sense of security and a long-lasting relationship. Write a letter - Sometimes, going beyond digital means and sending a handwritten letter is a very emotional and heartfelt way to express your feelings.

# Drink turmeric and amla water on an empty stomach! You'll also get relief from joint pain along with weight loss.



In Ayurveda, both turmeric and amla are considered medicinal. Consuming them with lukewarm water on an empty stomach in the morning boosts immunity, improves digestion, and benefits skin and hair. It detoxifies the body, aids in weight loss, relieves joint pain, and regulates blood sugar. The combination of turmeric and amla is a natural health tonic. This drink, along with turmeric and amla water, boosts immunity and detoxifies the body, strengthening the digestive system. Both turmeric and amla are considered medicinal in Ayurveda. The curcumin in turmeric is a powerful anti-inflammatory and antioxidant agent, while amla is a natural tonic rich in vitamin C. When consumed with lukewarm water on an empty stomach in the morning, it boosts the body's immunity and improves digestion, skin, and hair health. This is a simple yet highly effective home remedy that, if adopted daily, can help you stay healthy for a long time. So, let's explore its eight main benefits: Boosts Immunity - The vitamin C in amla and the curcumin in turmeric strengthen the immune system, helping the body fight seasonal illnesses and viral infections. Detoxifies the Body - This combination of turmeric and amla improves liver function and flushes out toxins, leaving skin feeling fresh and rejuvenated. Aids Weight Loss - This drink boosts metabolism and activates the fat-burning process. It also controls hunger, which helps with weight loss. Strengthens the digestive system - Consuming it on an empty stomach in the morning reduces problems like gas, acidity, and indigestion, and improves digestion. Brightens the skin - Antioxidants and vitamin C detoxify the skin, reducing wrinkles and providing a natural glow. Relieves joint pain - Turmeric's anti-inflammatory properties provide relief from joint pain and arthritis. Blood sugar control - Improves insulin sensitivity and maintains blood sugar balance, which benefits diabetics. Strengthens hair - Amla nourishes hair roots and reduces hair fall, while turmeric keeps the scalp clean and healthy. The combination of turmeric and amla is a natural health tonic. Drinking it every morning on an empty stomach not only strengthens your body from within but also improves your overall health. By making it a part of your daily routine, you can take a step towards a healthy and energetic life.

# "I too come from a film family..." Why did Shah Rukh Khan say this on an international stage? Salman and Aamir were stunned.

On the stage of the Joy Forum in Riyadh, Salman Khan praised Shah Rukh Khan for achieving such stardom despite not coming from a film background. Shah Rukh's heartfelt response to this has created a stir on the internet. Salman, Shah Rukh, and Aamir attended the Joy Forum together. Salman praised Shah Rukh. The three Khans were seen together after a long time. Bollywood superstars Shah Rukh Khan, Salman Khan, and Aamir Khan came together at the Joy Forum 2025 in Riyadh. Seeing the three Khans together on an international stage was a unique experience for their fans. Meanwhile, Shah Rukh Khan said something on stage that left fans stunned. Salman praised Shah Rukh. At the Joy Forum held in Riyadh, the three Khans discussed their careers, the film industry, and other topics. During the conversation, Salman Khan explained that while he and Aamir Khan come from film families, Shah Rukh Khan achieved superstardom despite being from outside Delhi. Shah Rukh Khan's heartfelt response to Salman's praise left his fans stunned. Speaking at Joy Forum 2025, Salman Khan praised Shah Rukh Khan's tremendous success despite not having a film background. "Aamir comes from a film background, and so do I. But this guy here (Shah Rukh Khan) doesn't come from a film background. He came from Delhi," Salman said. Shah Rukh immediately replied, "Can I interrupt Salman? I also come from a film family. Salman's family is my family. Aamir's family is my family. That's why I'm a star." His humble response brought his fans into raptures and thunderous applause. During the conversation, Shah Rukh also discussed bringing together the three Khans in a film. He said, "If all three of us are in a project, it's a dream in itself." He further said that he idolizes Salman Khan and Aamir Khan because of their work and the ups and downs they've seen. Shah Rukh said, "These guys are inspiring and somewhere I'm really grateful that I got a chance to interact with them on the same stage, in the same house. So if we do come together for a film, which we've discussed many times, we just have to make sure it doesn't disappoint anyone."




# Malti gave a stupid reply to Salman Khan, responding to a comment about Neha's clothes with the remark, "The AC is very strong..."

In Bigg Boss 19's Weekend Ka Vaar, Salman Khan reprimanded several contestants for their bad behavior. Salman also questioned Malti Chahar for commenting on Neha Chudasama's clothes, and received a rather bizarre response. Malti Chahar had commented on Neha's clothes. Salman Khan taunted Malti Chahar, leaving Bigg Boss contestants stunned by Malti's response. Last week's controversial show, Bigg Boss Season 19, witnessed a lot of drama. Amaal Malik used abusive language against Farhana Bhatt, and Malti Chahar commented on Neha Chudasama's clothes. During the argument, Malti told Neha to put on some clothes before talking to him. Today is Bigg Boss 19's Weekend Ka Vaar, and several housemates are set to be reprimanded by host Salman Khan, one of whom is Malti Chahar. Yes, the latest promo of Bigg Boss has come out in which the actor is seen scolding Malti. Salman Khan questioned Malti's statement. Salman Khan asked Malti Chahar, "What did you mean by 'Next time talk to me with clothes on'?" Malti gave a very strange explanation for her statement. She said, "There's a very strong AC here. I wonder why she doesn't feel cold." The host and housemates were astonished by Malti's answer, to which Basir Ali commented, "It's absolutely baseless." Salman interrupted Basir and said, "Let her speak, because I'm very interested to know what she's going to say." Shehbaz and Amaal also received a reprimand. Salman Khan also reprimanded Shehbaaz Badesha, saying, "Those watching this joke are finding you very rude and irritating." After Shehbaz and Malti, Amaal Malik received a reprimand. Salman reprimanded Amaal for snatching food from Farhana Bhatt and making lewd comments about her mother. Furthermore, Amaal Malik's father, Daboo Malik, also came and advised him that he should fight, but not cross the line and not tarnish his name. This time, Amaal became emotional on Weekend Ka Vaar. Stars Nawazuddin Siddiqui, Ayushmann Khurrana and Rashmika Mandanna will be seen in the film.



# Aamir Khan's co-star married at the age of 24, leaving Bollywood for Islam

Actress Zaira Wasim, who appeared in Aamir Khan's films like Dangal and Secret Superstar, may have moved away from the glamour industry, but she remains active on social media. Recently, former actress Zaira Wasim shared the good news of her marriage with fans on social media and posted two adorable photos from her wedding. Zaira Wasim, who became a bride at the age of 24, had left Bollywood seven years ago for this reason. The former actress shared two beautiful photos. Zaira Wasim, who became a fan favorite in 2016 by playing the role of little Jeeta in Aamir Khan's film "Dangal," said goodbye to the glamour industry after three films. Fans were completely shocked when she left Bollywood after films like Secret Superstar and The Sky Is Pink. However, even after leaving films, Zaira remained active on social media. Recently, Zaira Wasim shared two beautiful photos on social media, announcing her wedding. Fans are congratulating the 24-year-old actress after seeing these photos. Zaira Wasim, seen with her husband in a red suit, shared photos from her wedding on her official Instagram. In the first photo, the former actress is seen signing the nikahnama (marriage certificate) and her hands are adorned with henna with her husband's name. She is also wearing a beautiful emerald-studded ring. In the second photo, Zaira and her husband are standing, gazing at the beautiful moon. In this photo, Zaira looks stunning in a red suit with a dupatta on her head. Her red suit is embroidered with golden embroidery, while her groom is seen in a cream-colored sherwani. Both are gazing at the moon. While sharing the photo, Zaira Wasim wrote in the caption, "Qubool Hai X3". Fans congratulated Zaira on social media - Fans are showering love on Zaira Wasim's wedding pictures and congratulating her. One user wrote, "You are the cutest bride, MashaAllah". Another user wrote, "MashaAllah, Nikah Mubarak to you Zaira Wasim". Another user wrote, "My crush is married...MashaAllah". Let us tell you that Zaira Wasim, who gave three consecutive successful films, left Bollywood at a time when her career was at its peak. She herself shared a post on Instagram and said that she wants to follow the path of religion, hence she is saying goodbye to Bollywood.

